●वर्ष : 16 ●अंक : 294 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 16 फरवरी 2025

## समाचार

### केरल: कन्नूर में एक स्कूल के तीन छात्रों को जूनियर की रैगिंग लेने पर गिरफ्तार किया गया

**केरल।** के एक सरकारी सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12वीं के तीन छात्रों को रैगिंग के तहत एक जूनियर छात्र पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पांच छात्रों ने 12 फरवरी को वरिष्ठ छात्रों का सम्मान न करने और उनके आदेशों का पालन न करने पर एक जूनियर छात्र पर कथित रूप से हमला किया था। कोलावल्लूर पुलिस ने बताया कि पांच छात्रों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है और इनमें से तीन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि स्कूल प्रशासन द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस केरल रैगिंग निषेध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। स्कूल में हुई इस घटना में 11वीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और उसका इलाज किया जा रहा है। स्कूल प्रशासन द्वारा घटना की जांच शुरू किए जाने के बाद आरोपियों को निलंबित कर दिया गया। यह मामला कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में एक जूनियर छात्र की रैगिंग करने के आरोप में पांच छात्रों की गिरफ्तारी के एक दिन बाद प्रकाश में आया।

### क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने दिल्ली, हरियाणा में 11 स्थानों पर छापे मारे

**दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को ठगने के आरोप में कथित साइबर अपराधियों के खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में 11 स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान 1.08 करोड़ रुपये की नकद राशि जब्त की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दो साल पुराने मामले में शुक्रवार को दिल्ली में नौ और हरियाणा के हिसार में दो स्थानों पर छापे मारे गए। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों पर स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर अवैध गतिविधियां और क्रिप्टो धोखाधड़ी करने का आरोप है। प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा, उन्हें भारत और अन्य देशों में लोगों को फर्जी तकनीकी सहायता परामर्श देकर और क्रिप्टोकरंसी के रूप में धन हस्तांतरित करने के लिए प्रेरित करके धोखा देते हुए पाया गया। इस धन को फिर कई क्रिप्टो वॉलेट के माध्यम से भेजकर नकदी में परिवर्तित किया गया। एजेंसी ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। इसने कहा, सीबीआई ने छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए और छह लैपटॉप, आठ मोबाइल फोन एवं एक आईपैड जब्त किया। जांच में वीओआईपी-आधारित कॉल करने और डार्कनेट तक पहुंचने के लिए कंप्यूटर प्रोग्राम का इस्तेमाल किए जाने का भी पता चला। इसके अतिरिक्त, सीबीआई ने 1.08 करोड़ रुपये नकद, 1,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य की विदेशी मुद्रा और 252 ग्राम सोना जब्त किया।

# उत्तराखंड के बाद अब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सूपड़ा साफ

नूना न्यूज एजेंसी।



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को शिकस्त देने के बाद नगर निकाय चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी ने सूपड़ा साफ करते हुए महापौर के सभी 10 पदों पर जीत हासिल की. राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि सत्ताधारी दल भाजपा ने सभी 10 नगर निगमों में महापौर पद और 35 नगर पालिका परिषदों और 81 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। अधिकारियों ने बताया कि आठ नगर पालिका परिषदों और 22 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर विपक्षी दल कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने एक नगर पालिका परिषद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने एक नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। पांच नगर पालिका परिषदों और 10 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपना कब्जा जमाया. रुझानों के अनुसार भाजपा अधिकांश वार्डों में जीत चुकी है या आगे है। उत्तराखंड के बाद छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने शहर की सरकार बनाई है. सभी 10 सीटों पर उसके मेयर प्रत्याशी जीते हैं। नगर पालिका की 49 सीटों में भी बीजेपी ने परचम लहराया है. कांग्रेस को पछाड़ते हुए 36 पर बीजेपी के उम्मीदवार आगे हैं या जीत गए हैं। कांग्रेस महज 8 सीटों पर सिमट रही है.नगर पंचायत में भी भगवा परचम लहराया है। नगर पंचायत की 114 सीटों में से 84 पर बीजेपी प्रत्याशी जीत की तरफ बढ़ रहे हैं। कांग्रेस महज 20 सीटों पर है। नगर निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया और कहा कि यह छत्तीसगढ़ के राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। साय ने कहा, आज का दिन भाजपा और छत्तीसगढ़ सरकार के लिए ऐतिहासिक है। यह छत्तीसगढ़ के राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा, क्योंकि भाजपा ने नगर निकाय चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता और मतदाताओं ने भाजपा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री की गारंटी और राज्य सरकार के विकास कार्यों में विश्वास जताया है, जिसके लिए वह उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने महापौर पद का अप्रत्यक्ष चुनाव (पिछली बार 2019-2020 में) कराकर लोकतंत्र की हत्या की है. कांग्रेस उम्मीदवार जो अप्रत्यक्ष चुनाव (कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर का जिक्र करते हुए) के जरिए (रायपुर के) महापौर बने थे, इस बार रायपुर के एक वार्ड से पार्षद का चुनाव हार गए है। पिछली बार महापौर पदों और नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों का चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से हुआ था।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### युद्ध के प्रति भारतीय तटस्थता नहीं

चाहे 'वैश्विक युद्ध' की संभावना की बात हो या विभिन्न देशों के बीच ब्रेक के बाद जारी 'द्विपक्षीय युद्ध' की, भारत ने साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी मामले में तटस्थ नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर है। बता दें कि अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा (12-13 फरवरी 2025) के क्रम में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि "रूस-यूक्रेन जंग पर भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है।" इसलिए दुनियादारी के निष्णात लोग 'ह' से 'हलंत' तक की अटकलें लगा रहे हैं और उनके इस वक्तव्य के अंतर्राष्ट्रीय मायने निकाले जा रहे हैं। ऐसा इसलिए कि इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है। जी हां, भगवान बुद्ध! वैसे दुनिया को यह भी पता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिन्दू/भारत विरोधी हरकतों को नजरअंदाज करते हुए सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत और पाकिस्तान के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उसके इशारे पर थिरकने वाले बंगलादेश की भी कुछ ऐसी ही नियति है। उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बंगलादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण रोकने की तैयारी

## फडणवीस सरकार ने बनाई हाई लेवल कमेटी

नूना न्यूज एजेंसी।



**महाराष्ट्र।** सरकार ने जबरन धर्मांतरण और 'लव जिहाद' के मामलों के खिलाफ नए कानून के कानूनी पहलुओं का अध्ययन करने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून और न्यायपालिका, सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभागों के सचिव और गृह विभाग के उप सचिव शामिल हैं। सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने पिछले दिनों कहा था कि उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में बनाए गए समान कानूनों के बाद, महाराष्ट्र जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ एक कानून लाने की योजना बना रहा है। समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने इस कदम का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास ऐसे मामलों के लिए सांख्यिकीय साक्ष्य का अभाव है और वह इसे 'जिहाद' का नाम देकर जबरन धर्मांतरण के मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। जीआर ने समिति की जिम्मेदारियों को निर्दिष्ट किया: वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना, 'लव जिहाद' और जबरन धार्मिक रूपांतरण के बारे में शिकायतों को संभालना, अन्य राज्यों के कानूनों की जांच करना, कानूनी ढांचे की स्थापना करना और कानूनी निहितार्थों की समीक्षा करना। दस्तावेज में 'लव जिहाद' और जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए जन प्रतिनिधियों, संगठनों और नागरिकों के अनुरोधों का उल्लेख किया गया है। समिति वर्तमान परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी और उपयुक्त कानून विकसित करने के लिए अन्य राज्यों में मौजूदा कानूनी संरचनाओं का अध्ययन करते हुए 'लव जिहाद' शिकायतों और जबरन धर्मांतरण के संबंध में उपायों की सिफारिश करेगी। शेख ने कहा, "इससे पहले सरकार यह कहते हुए एक प्रस्ताव लेकर आई थी कि राज्य में 'लव जिहाद' के एक लाख से अधिक मामले हैं, लेकिन उन्हें एक भी उदाहरण नहीं मिला जहां वे पुलिस मामला दर्ज कर सकें। ऐसे किसी भी दावे का समर्थन करने के लिए कोई डेटा उपलब्ध नहीं है, और मैंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया था। सरकार इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है।

### फिरोजाबाद में डबल डेकर बस में लगी आग, एक की मौत

नूना न्यूज एजेंसी।

**उत्तर प्रदेश।** के फिरोजाबाद जिले में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक डबल-डेकर बस में अचानक आग लग जाने से एक यात्री की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि राजस्थान के नागौर जिले से एक बस श्रद्धालुओं को लेकर कुंभ गई थी।

### मध्यप्रदेश में महिला ने पति की हत्या के लिए प्रेमी और सहयोगी की मदद ली, तीनों गिरफ्तार



नूना न्यूज एजेंसी।

**मध्यप्रदेश।** के शाजापुर जिले में एक महिला ने अपने प्रेमी और एक सहयोगी के साथ कथित तौर पर अपने पति की हत्या कर दी। यह जानकारी शुक्रवार को एक पुलिस अधिकारी ने दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के फरत खेड़ी गांव में हुई। पुलिस अधीक्षक यशल सिंह राजपूत ने संवाददाताओं को बताया, आरोपी ममता ने अपने पति मुकेश मालवीय (38) की हत्या करने के इरादे से अपने घर का दरवाजा खुला छोड़ दिया, ताकि उसका प्रेमी राहुल मालवीय और उसका दोस्त सुनील मालवीय अंदर आ सकें। उन्होंने मुकेश का गला रेत दिया। एसपी ने बताया, हत्या करते समय राहुल मालवीय की एक उंगली कट गई थी, जो घटनास्थल पर पड़ी हुई थी। साइबर सेल और एक मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर ममता, राहुल और सुनील को उसी रात गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

### कार और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर होने से चार लोगों की मौत



नूना न्यूज एजेंसी।

**बस्ती।** जिले में बेनीपुर गांव के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि गौर-बभनान मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने देर रात करीब साढ़े 11 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार में बैठे चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पैकोलिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अभिनंदन ने बताया कि शवों का पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पैकोलिया थाने के प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि मृतकों की पहचान अयोध्या जिले के निवासी रोहित (27), गोंडा जिले के निवासी पवन (24), बस्ती जिले के निवासी भाई मोनू (22) और सोमनाथ (24) के रूप में की गई है।

### दिल्ली में चुनावी हार के बाद आप को लगा बड़ा झटका


#### तीन मौजूदा पार्षद बीजेपी में हुए शामिल

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** में दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में एमसीडी पार्षद अनीता बसोया, संदीप बसोया, निखिल चपराना, धर्मवीर सिंह बीजेपी में शामिल हुए। हाल में ही संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर कमाल किया है। ऐसे में अब टउऊ में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। पूरा का पूरा नंबर गेम इससे पलट सकता है। यह अरविंद केजरीवाल के लिए भी बड़ा झटका है। बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पिछली दिल्ली सरकार के सभी कुकर्म खत्म होने वाले हैं और उसी हिसाब से सजा दी जाएगी। चाहे वह शीश महल हो, शराब घोटाला हो, जल बोर्ड घोटाला हो, पैनिक बटन घोटाला हो, राशन कार्ड घोटाला हो या फिर मोहल्ला क्लीनिक घोटाला हो। हर उस व्यक्ति को सजा मिलेगी जिसने दिल्ली को लूटने का काम किया है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### दिल्ली: रुपयों के विवाद में नशेड़ी ने अपनी मां की हत्या की, गिरफ्तार



नूना न्यूज एजेंसी।

**उत्तर-पूर्वी दिल्ली।** के दयालपुर इलाके में कथित तौर पर रुपयों को लेकर हुई बहस के बाद एक नशेड़ी ने अपनी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोनू (40) को अपनी 65 वर्षीय मां की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे दयालपुर थाने में इस घटना के संबंध में सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को वहां बुजुर्ग महिला मृत अवस्था में मिली। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि पेशे से वाहन चालक सोनू फिलहाल बेरोजगार है और नशे का आदी है तथा रुपयों को लेकर अकसर अपनी मां से झगड़ा करता था। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात को भी उनके बीच विवाद हुआ और इस दौरान सोनू ने अपनी मां की हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया है।

# पलानीस्वामी भाजपा की भाषा बोल रहे: स्टालिन

नूना न्यूज एजेंसी।



**तमिलनाडु।** के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी पर भाजपा की बोलने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के इस आरोप को सही साबित कर दिया है कि दोनों दलों के बीच गुप्त गठबंधन है। द्रमुक अध्यक्ष अपनी उंगलिल ओरुवन श्रृंखला (आपमें से एक) में सवालों का जवाब दे रहे थे। उनसे द्रमुक सहयोगियों द्वारा व्यक्त की गई राय के बारे में पूछा गया और यह भी पूछा गया कि क्या इसमें कोई विरोधाभास है? मुख्यमंत्री ने कहा कि वे उनके विचारों को केवल सलाह के रूप में मानते हैं। द्रमुक की सहयोगी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) ने पुदुक्कोटटे जिले में पानी के एक ओवरहेड टैंक में मानव मल मिलने से जुड़े वेंगईवायल मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की मांग की थी। द्रमुक प्रमुख ने कहा कि केंद्र ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसले बहुत देरी से लिया। उन्होंने कहा कि बीरेन सिंह के पास कोई विकल्प नहीं था, इसीलिए उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। पलानीस्वामी की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) को झटका दिया, स्टालिन ने कहा, मैंने पहले ही जवाब दे दिया है; अगर आप पलानीस्वामी के बयानों को देखें तो यह भाजपा के बयानों जैसा ही लगेगा। इसके अलावा, स्टालिन ने दावा किया कि अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता भाजपा की बोल रहे हैं और वे अन्नाद्रमुक तथा भाजपा के बीच गुप्त गठबंधन के द्रमुक के आरोप को सही साबित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी टिप्पणी करने से पहले पलानीस्वामी को अपनी नाकामियों पर गौर करना चाहिए।

### असम पुलिस ने पांच घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा

**असम।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को श्रीभूमि जिले से असम पुलिस ने पांच घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश भेज दिया जिनमें चार रोहिंग्या और एक बांग्लादेशी थे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, पांच घुसपैठियों को वापस भेजा गया। श्रीभूमि पुलिस भारत-बांग्लादेश सीमा के पास चार रोहिंग्या और एक बांग्लादेशी को पकड़ा और उन्हें वापस भेज दिया। इनकी पहचान अब्दुल रजाक, सद्दाम हुसैन, मोक्तुल हुसैन, नूरुल अमीन और हफ्सा बीबी के रूप में हुई है। एक बांग्लादेशी महिला, जिसकी पहचान रूपा साथी के रूप में हुई है।

CMYK

# वर्किंग जर्नलिस्ट क्लब के स्थापना दिवस पर उर्दू घर में भव्य समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली। (स्टाफ रिपोर्टर)** वर्किंग जर्नलिस्ट क्लब के 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर आईटीओ स्थित अंजुमन तरक्की उर्दू घर में 'वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता की समस्याएं' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली हस्तियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. सैयद फारूक ने की। भारत सरकार के पूर्व राजदूत मीम अफजल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत हाफि ज गुफरान अफरीदी द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से हुई। क्लब के अध्यक्ष फरजान कुरैशी ने क्लब की स्थापना और इसके लक्ष्य के बारे में विस से जानकारी दी। मुख्य अतिथि मीम अफजल ने कहा कि आजादी के बाद उर्दू अखबार सरकारी गिरफ्त में रहे। पत्रकारों को जेलों में डाल दिया गया, एक समय ऐसा भी आया जब सरकार ने उर्दू अखबारों पर ध्यान देना बंद कर दिया। उन्हें लगा कि इनका जनता पर कोई खास असर नहीं है, इसलिए जेलों के दरवाजे भी बंद कर दिए गए। लेकिन मौजूदा सरकार का पूरा ध्यान इसी पर है। आज दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में गोदिया मीडिया है, 80 प्रतिशत गोदिया मीडिया है, 20 प्रतिशत बाकी हैं। सरकार इन्हीं 20 प्रतिशत के खिलाफ कार्रवाई करती है। हमने अच्छा वक्त भी देखा है और आज बुरा वक्त भी देख रहे हैं और अगर अच्छा वक्त नहीं रहा तो बुरा वक्त भी नहीं रहेगा। जो लोग सत्ता की कुर्सी पर बैठे हैं उन्हें एक दिन जाना ही पड़ेगा, लेकिन जिन्होंने तकलीफें झेली हैं उनके लिए हमारे दिल में हमदर्दी का अहसास होना चाहिए। डॉ. सैयद फारूक ने वर्किंग जर्नलिस्ट क्लब को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सलाह दी कि वे आरटीआई एक्ट का अध्ययन करें, वहां से जानकारी लें और सनद के साथ काम करें,एक आरटीआई क्लब भी है, वहां भी अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। इस अवसर पर पत्रकारों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए। पत्रकारिता के लिए सलीम सिद्दीकी पुरस्कार राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो प्रमुख इजहारुल हसन को प्रदान किया गया। पत्रकारिता के लिए आमिर सलीम खान पुरस्कार दैनिक सहाफत के वरिष्ठ पत्रकार नवाब अख्तर को, पत्रकारिता के लिए सैयद जाहिर अली भारती पुरस्कार हिंदुस्तान समाचार के वरिष्ठ पत्रकार मुहम्मद ओवैस को और सोशल मीडिया के लिए एम रमेश पुरस्कार न्यूज फॉर वर्ल्ड यू यूट्यूब चैनल के युवा रिपोर्टर मुहम्मद गुलजार को दिया गया। इसके साथ ही समाजसेवी नईम मलिक, मेहरबान कुरैशी, सरदार खान और शौकत मुफ्ती को भी समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

# मजीदिया यूनानी अस्पताल, जामिया हमदर्द को एनएबीएच (NABH) प्रमाणन प्राप्त हुआ।



आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराने वाले मजीदिया यूनानी अस्पताल, दिल्ली के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण मिला। देश भर में चिकित्सालयों और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता निर्धारित और मूल्यांकन करने वाली संस्था राष्ट्रीय निदानकेन्द्र व स्वास्थ्य सेवा मूल्यांकन परिषद (NABH) ने जामिया हमदर्द स्थित मजीदिया यूनानी अस्पताल को आधिकारिक रूप से प्रमाणपत्र दिया कज्ञात रहे इस समय देश मे गिने चुने आयुष चिकित्सालय जिसमे आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सा के अस्पताल हैं, जिसमे मजीदिया यूनानी अस्पताल को भी अब एक स्वास्थ्य सेवा सुलभ करने वाले श्रेणी में एन ए बी एच द्वारा मूल्यांकित किया जाना एक गौरवपूर्ण क्षण हैं, जो कई दशकों से यूनानी चिकित्सा द्वारा जन सामान्य को गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाएं देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मजिदियाअस्पताल द्वारा बहुआयामी चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं कई दहाईयो से गुणवत्ता और प्रभावशाली यूनानी चिकित्सा प्रदान करने में देश भर के बहु प्रतिष्ठित चिकित्सालय का दर्जा रखता है। एन ए बी एच द्वारा प्राप्त इस सम्मान व प्रमाणन से यह अस्पताल न सिर्फ अपनी ख्याति अर्जित करेगा बल्कि भविष्य में यूनानी चिकित्सा द्वारा रोगियों के उपचार और निदान के लिए निर्धारित उच्चतम गुणवत्ता, हाइजीन और चिकिसकीय नैतिक मूल्यों का सशक्त निष्पादन करेगा। इस प्रमाणन के बाद ये चिकित्सालय दिल्ली व निकट राज्य के रोगियों को आयुष चिकित्सा सुलभ कराने में एक अग्रणी संस्थान और आदर्श अस्पताल बन सकेगा। एन ए बी एच के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अतुल मोहन कोचर द्वारा , यूनानी दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर आयोजित एक भव्य आयोजन में माननीय कुलपति प्रोफेसर मुहम्मद अफशार आलम, मजिदिया यूनानी हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्साधीक्षक व यूनानी स्कूल जमिया हमदर्द के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर आसिम अली खान और मजिदिया यूनानी हॉस्पिटल के चिकित्साधीक्षक प्रोफेसर मिन्हाज अहमद द्वारा इस आधिकारिक प्रमाणपत्र को अर्जित किया गया।. प्रोफेसर आसिम अली खान ने कहा कि माननीय कुलपति प्रोफेसर मुहम्मद अफशार आलम के दक्ष नेतृत्व में मजीदिया हॉस्पिटल द्वारा की जाने वाली, सुलभ, जनसेवा, प्रभावशाली गुणवत्ता आधारित आयुष चिकित्सा हमारे कृत संकल्प को दृढ़ करती है जो भविष्य में इस कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ ही दूसरी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को एम्पनल करने के मार्ग भी प्रशस्त करेगा जिस से की यूनानी चिकित्सा का गुणवत्ता आधारित योगदान और प्रसार पा सके गा।

# कोचिंग संस्थानों ने शिक्षा को बनाया कारोबार, इन्हें नियंत्रित करे मोदी सरकार- कांग्रेस



**नई दिल्ली।** 15 फरवरी कांग्रेस ने देश भर में विभिन्न नौकरियों और पाठ्यक्रमों के लिए चल रहे निजी कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि ये संस्थान मुनाफाखोरी कर रहे हैं और छात्रों व उनके अभिभावकों की मेहनत की कमाई लूट रहे हैं। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्यसमिति में स्थाई आमंत्रित सदस्य कन्हैया कुमार ने कहा कि देश भर में कोचिंग संस्थान छात्रों से मोटी फीस वसूलते हैं और उनमें से कई करोड़ों रुपये हड़पने के बाद अचानक गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को उज्ज्वल भविष्य का सपना बेचा जा रहा है और कोचिंग संस्थानों की बाढ़ आई हुई है, क्योंकि सरकारी संस्थानों को कमजोर बना दिया गया है। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कन्हैया कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूल में अच्छी पढ़ाई नहीं होगी, सरकारी अस्पताल में बेहतर इलाज नहीं होगा, तो स्वाभाविक रूप से सरकारी संस्थान कमजोर होंगे और उनकी जगह पर निजी संस्थानों की उत्पत्ति होगी। ऐसा जानबूझकर किया गया और फिर कोचिंग संस्थानों ने शिक्षा को मुनाफे का कारोबार बना दिया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार और बाजार के बीच में देश के विद्यार्थी व नागरिक पिस रहे हैं। अनुचित प्रतिस्पर्धा की संस्कृति बनाने के लिए सरकार और बाजार की ताकतों को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में किसी विशेष नौकरी के लिए लगभग 100 रिक्तियां होती हैं, लेकिन लाखों उम्मीदवार कोचिंग संस्थानों की मदद लेने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि निजी कोचिंग संस्थान उन उम्मीदवारों का फायदा उठाते हैं, जो हर हालत में प्रतियोगिता में सफल होना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश के युवा इस कदर हताश हो चुके हैं कि हर 24 घंटे में करीब 28 छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। इसके लिए व्यवस्था को दोष देते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ छात्रों को रोज सपने बेचे जा रहे हैं, उन पर दबाव बनाया जा रहा है। लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए युवाओं के पास पर्याप्त अवसर ही नहीं हैं। कन्हैया कुमार ने छात्रों की आत्महत्या रोकने के लिए यूपीए सरकार के महत्वपूर्ण फैसले की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि पहले सीबीएसई की परीक्षा और परिणाम के बाद छात्र बड़े पैमाने पर आत्महत्या कर लिया करते थे, लेकिन तब की यूपीए सरकार ने फैसला लिया कि किसी छात्र को पास व फेल नहीं किया जाएगा, बल्कि ग्रेड दिए जाएंगे।

# सीएसयू संसद में दिए गये संस्कृत विरोधी भ्रामक व्यक्तव्य की निन्दा करते हुए इसे संसद के रेकार्ड से यथाशीघ्र हटाने की मांग करता है



**दिल्ली।** माननीय श्री ओम बिड़ला जी ने यह सच संसद में संस्कृत के महात्म्य के विषय में कहा है । अतः भारतवर्ष तथा यहां की सांस्कृतिक विरासत संस्कृत की सुरभि से सिक्त है । अतः इस देश की माटी में बसने वाले भारत के प्रत्येक निवासी को गर्व से इसे स्वीकार करना चाहिये। ध्यातव्य है कि संसद में यह तथाकथित संस्कृत विरोधी आवाज भारत के उस अखण्ड भू भाग से उठी है जहां की भी विरासत को संवारने तथा भक्ति आदि आन्दोलनों के साथ साथ आपसी संवाद के तकनीकी शब्दावली के भाव तथा उसके उच्चारण की दृष्टि से संस्कृत के बहुत ही निकट माना जाता है । भाषा विज्ञान की दृष्टि से अपने देश के अधिसंख्य भाषाओं के साथ भी यही लागू होता है । अतः इस सच्चाई को जनमानस तक लाने की विशेष आवश्यकता है क्योंकि संस्कृत भाषिक प्रसूनों की लडियों को एक सूत्रता में पिरोने की काम करती आयी है । अतः औपनिवेशिक काल खण्ड में भाषा के नाम पर जो सांस्कृतिक विभाजन की बात की गयी ,उस ब्रितानी गुलामी की मानसिकता की जंजीरों को सदा के लिए सर्वथा तोड़ दिया जाना चाहिए जो विकसित भारत के निर्माण के लिए बहुत ही अत्यावश्यक है । हम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिवार तथा संस्कृत के समस्त कुटुम्ब, यह मांग करते हैं कि संसद में संस्कृत को लेकर उठाये इस भ्रामक तथा निन्दनीय चर्चा को संसद के रेकार्ड से यथाशीघ्र हटाया जाय । अन्यथा , राष्ट्रवाद तथा भारतीय भाषा विरोधी बयानों के लिए संस्कृत समाज देश व्यापी आन्दोलन के लिए अपना कमर कस रहा है । विश्व के बृहत्तम संसद में माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्रीमान् ओम बिड़ला जी का उत्तर हम सबके लिये आदर्श है। हम समस्त संस्कृत साधकों और प्रेमियों की ओर से माननीय ओम बिड़ला जी के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए निवेदन करते हैं कि संस्कृत गरिमा समर्थित इस राष्ट्र व्यापी हस्ताक्षर आन्दोलन में आप भी जुड़ें और संस्कृत अनुरागियों को भी इस संस्कृत विरोधी मानसिकता से अवगत करायें ।आपका समस्त केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिवार । !!!जय हिन्द जय भारत !!! द्वारा - प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ तथा पीआरओ, सीएसयू, दिल्ली ।

# पूरे देश से लोग कर रहे कुंभ मेले कि यात्रा, बस टिकटों की मांग में 36 गुना वृद्धि दर्ज की गई

नई दिल्ली, फरवरी : कुंभ मेला 2025 के दौरान रेडबस पर प्रयागराज के लिए बस टिकटों की मांग में 36 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश में कुल यात्रा मांग भी 19 गुना बढ़ी है। प्लेटफॉर्म पर रोजाना औसतन 3,600 से अधिक बसें उपलब्ध हैं। रेडबस डेटा के अनुसार, सबसे लंबी बस यात्रा कोयंबटूर से प्रयागराज (2,053 किमी) रही। इसके अलावा, मैसूर, चेन्नई, गोवा और बेंगलुरु से भी श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। तेलंगाना से सीट बुकिंग में 70 गुना इजाफा हुआ है, जबकि बिहार और झारखंड से 500 गुना, महाराष्ट्र से 25 गुना और दिल्ली से 13 गुना बढ़ौतरी दर्ज की गई। रेडरेल प्लेटफॉर्म पर भी रेलवे टिकट बुकिंग में जबरदस्त वृद्धि हुई है। कर्नाटक से 19 गुना, पश्चिम बंगाल से 6 गुना और दिल्ली-महाराष्ट्र से 5 गुना ज्यादा टिकट बुक हुए। यात्रियों में 76 फीसदी पुरुष और 24 फीसदी महिलाएं थीं, जिनमें सबसे अधिक 21-30 वर्ष के (38 फीसदी ) यात्री शामिल हुए। कंपनी की सीएमओ पल्लवी चोपड़ा ने कहा, कुंभ मेले की यात्रा को सुगम बनाने में हमें गर्व महसूस हो रहा है। श्रद्धालु प्रयागराज के अलावा वाराणसी, अयोध्या और लखनऊ जैसे धार्मिक स्थलों की भी यात्रा कर रहे हैं।

# इस वैलेंटाइन डे पर प्राकृतिक चमक और मजबूती के साथ लोगों से प्लेटिनम अपनाने की अपील

नई दिल्ली, फरवरी : प्यार का महीना सच्चे, नायाब और स्थायी रिश्तों को मनाने का अवसर देता है। यह एक ऐसा एहसास है, जो विश्वास, सुकून और अटूट साथ का प्रतीक होता है। जब कोई रिश्ता जीवनभर के वादे में बदल जाए, तब समझिए कि वह प्यार सच्चा और अनमोल है। प्लेटिनम, जो 95 फीसदी शुद्ध और सोने से 30 गुना अधिक दुर्लभ है, सच्चे प्रेम की तरह अटूट और अमूल्य है। इसकी प्राकृतिक चमक और मजबूती इसे एक विशेष धातु बनाती है, जो समय के साथ कभी फीकी नहीं पड़ती। प्लेटिनम लव बैंड्स केवल आभूषण नहीं, बल्कि प्यार की निशानी हैं, जो आधुनिक रिश्तों की गहराई, आपसी सम्मान और अटूट विश्वास को दशार्ते हैं। स्थायी वादों का प्रतीक ये लव बैंड्स दशार्ते हैं कि चाहे परिस्थितियाँ कैसी भी हों, आपका प्यार प्लेटिनम की तरह स्थिर और मजबूत रहेगा। दिलों के तालमेल को दशार्ने वाली इनकी डिजाइन यह बताती है कि आप दोनों एक-दूसरे के सपनों और भावनाओं का सम्मान करते हैं। वहीं, दैवीय संतुलन की झलक पुरुषों की ब्रश्ड और ग्लॉसी टेक्सचर वाली रिंग और महिलाओं की हीरों से जड़ी रिंग में नजर आती है।

# जकात सेंटर इंडिया का परिवर्तनकारी प्रभाव, आगामी वर्षों में योजना में तेजी की संभावना: सचिव



**नई दिल्ली। 15 फरवरी:** जकात सेंटर इंडिया एक गैर-लाभकारी संगठन है जो जकात और धर्मार्थ संसाधनों के कुशल उपयोग के माध्यम से गरीबी उन्मूलन और सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित है। इसका मिशन शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका और सामुदायिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करके देश में मुस्लिम समुदाय के उपेक्षित वर्गों का उत्थान करना तथा अत्यंत गरीब और दूरस्थ परिवारों में दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। अपनी स्थापना से केवल तीन वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डालते हुए जकात सेंटर के सचिव अब्दुल जब्बार सिद्दीकी ने जकात सेंटर इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट 2024 के विमोचन के अवसर पर मीडिया को जारी एक बयान में कहा, "अल्लाह की कृपा और हमारे दानकताओं, स्वयंसेवकों और लाभार्थियों के अटूट समर्थन से जकात सेंटर ने लगभग 5,000 व्यक्तियों के जीवन को बदल दिया और उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाया है। 2022 में अपनी स्थापना काल से इसने महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना सहित 11 राज्यों के 20 से अधिक शहरों में अपना विस्तार किया है। इस अखिल भारतीय उपस्थिति ने हमें योग्य समुदायों तक पहुंचने और गरीबी चक्र को तोड़ने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाया है। केवल 2024 में सेंटर ने जकात फंड में लगभग 6.2 करोड़ रुपये जमा किए जो विगत वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दशार्ता है। इनमें से लगभग सौ फीसद धनराशि लाभार्थियों को वितरित कर दी गई। इसका न्यूनतम भाग ही तकनीकी और प्रशासनिक व्ययों के लिए आवंटित किया गया। यह पारदर्शिता, जवाबदेही और संसाधनों के कुशल उपयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# साइबर ठगों ने अधिक लाभ कमाने का लालच देकर 35 लाख 33 हजार रुपए ठगे

जगाधरी, फरवरी : साइबर ठगों ने एप द्वारा पैसे इंवेस्टमेंट करवा कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर प्रोफेसर कॉलोनी निवासी लाल देवी ग्रोवर से 35 ला । 33 हजार रुपये ठग लिए। जब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी लाल देवी ग्रोवर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 अगस्त 2024 को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का मैसेज आया। उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गई। इसके बाद उसकी ग्रुप में बातचीत होने लगी। आरोपी ने उसे एक एप के बारे में बताया। जिसमें उसे पैसे इंवेस्टमेंट कर अधिक लाभ कमाने की बात कही। आरोपी ने बताया कि यह एप एमओएआई पीआरओ मोती लाल ओसवाल सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड का सहायक है। यदि इस एप में पैसे इंवेस्टमेंट किए जाए तो आपको काफी लाभ होगा। उसने आरोपी पर विश्वास करके एप में पैसे इंवेस्टमेंट किए। जिसके बाद उसके एप पर बने अकाउंट में प्रोफिट दिखाई देने लगा। इस प्रकार उसने अलग-अलग तिथि में 35 ला । 33 हजार रुपये इंवेस्टमेंट कर दिए। जब वह अपना प्रोफिट निकालने लगी तो उसके प्रोफिट के पैसे नहीं निकले। जब उसने ग्रुप संचालक से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसे ग्रुप से रिमूव कर दिया गया। उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। लालदेवी ग्रोवर ने बताया कि आरोपी ठगों ने उससे 30 अगस्त 2024 से सात अक्तूबर 2024 के बीच में करीब 35 ला । रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, एक अन्य मामले में राय पुरान गली जगाधरी निवासी बीरा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उसे एक दिन गांव सुढैल निवासी मायाराम मिला। आरोपी ने उसे बताया कि वह उसके पति का जानकार है। वह प्रॉपटी रीदने व बेचने का काम करता है। आरोपी ने उसे कांसापुर मायापुरी कॉलोनी में 91 वर्ग गज में एक मकान दिखाया। यह मकान उसकी पसंद आ गया। आरोपी ने बताया कि इस मकान पर बैंक का लोन है। लोन को अदा करने की जि मेवारी उसकी व मकान मालिक की है। इसके बाद उसका 11 लाख 80 हजार रुपए में मकान का इकरारनामा हो गया। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे दो लाख रुपए बयाने के रूप में दे दिए। आरोपी ने मकान की रजिस्ट्री से पहले लोन क्लीयर करवाने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने उससे अलग-अलग करके सात लाख 80 हजार रुपए ले लिए। मगर मकान की रजिस्ट्री उसके नाम नहीं करवाई। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने जब आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद उसने आरोपी के खिलाफ एक शिकायत पुलिस को दी थी।

# सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

रोहतक, फरवरी : जिला के गांव आसन के पास हुए सडक हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। पुलिस के अनुसार गांव बिधलाना निवासी सुभाष ने बताया कि उसका भाई खुशीराम प्राइवेट नौकरी करता था और मोटरसाइकिल लेकर गांव से रोहतक किसी काम से गया था। शाम को जब वह वापिस आ रहा था तभी गांव आसन के समीप अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे खुशीराम की गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

# आरबीआई ने दो बैंकों पर लगाया 68 लाख रुपये का जुमार्ना




**दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों के उल्लंघन के लिए नैनीताल बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक पर कुल 68.1 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि कर्ज पर ब्याज दर और बैंकों में ग्राहक सेवा पर कुछ निदेर्शों का पालन न करने के लिए नैनीताल बैंक लिमिटेड पर 61.40 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा आरबीआई द्वारा जारी कुछ नियमों का पालन न करने के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक पर 6.70 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। आरबीआई ने गैर-बैंकिंग इकाई श्रीराम फाइनेंस पर भी 5.80 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। श्रीराम फाइनेंस पर केवाईसी से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया और क्रेडिट जानकारी देने के नियमों का ठीक से पालन नहीं करने के कारण यह जुमार्ना लगाया गया।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स ने पंचकूला में हिलक्स कस्टमर मीट का आयोजन किया




नई दिल्ली, फरवरी : टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स ने पंचकूला के होटल बेला विस्टा में हिलक्स कस्टमर मीट का आयोजन किया, जिसमें 100 से अधिक टोयोटा हिलक्स ग्राहक शामिल हुए। यह कार्यक्रम विशेष रूप से टोयोटा हिलक्स के ग्राहकों के लिए आयोजित किया गया था, जो अपने ऑफ-रोडिंग अनुभव और रोमांचक यात्राओं को साझा करने के लिए एकत्र हुए थे। इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण टोयोटा हिलक्स रैली कार रही, जो अपनी ताकत और ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के लिए जानी जाती है। कार्यक्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स के उपाध्यक्ष श्री सबरी मनोहर सहित कंपनी के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मनोहर ने टोयोटा हिलक्स ग्राहकों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें टोयोटा परिवार का अभिन्न हिस्सा बताया। इस दौरान ग्राहकों और टोयोटा के बीच संवाद को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। टोयोटा हिलक्स अपने दमदार 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो डीजल इंजन के साथ 500 एनएम टॉर्क प्रदान करता है, जो इसे सेगमेंट में सबसे बेहतरीन बनाता है। इसमें 4 गुणा 4 ड्राइव क्षमताएं, इलेक्ट्रॉनिक डिफ लॉक, डाउनहिल असिस्ट कंट्रोल जैसे कई अत्याधुनिक फीचर्स शामिल हैं। हिलक्स अपनी रिजिड फ्रेम स्ट्रक्चर और मल्टी-पर्पस व्हीकल प्लेटफॉर्म के कारण हर तरह के रास्तों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है। यह कस्टमर मीट न केवल हिलक्स ग्राहकों को एक मंच प्रदान करने के लिए आयोजित की गई थी, बल्कि टोयोटा और उनके उपभोक्ताओं के बीच संबंधों को और गहरा करने के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हुई।

# ड्रोन की क्रांति को समझने में असफल रहे प्रधानमंत्री : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वर्तमान समय में युद्ध क्षेत्र और अन्य जगहों पर ड्रोन की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसकी क्रांति को समझने में असफल रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ड्रोन और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी को लेकर एक वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। उन्होंने कहा, ड्रोन ने संचार के लिए बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ड्रोन सिर्फ प्रौद्योगिकी नहीं हैं, बल्कि वे एक मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा संचालित निचले स्तर के नवाचार हैं। उन्होंने युद्ध क्षेत्र को ही बदल दिया है। टैंक, तोपखाने और यहां तक कि विमान वाहक को कम प्रासंगिक बना दिया है। गांधी ने कहा कि यह क्रांति सिर्फ युद्ध के बारे में नहीं है - यह उद्योग, एआई (कृत्रिम मेधा) और प्रौद्योगिकी की अगली पीढ़ी के बारे में है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, प्रधानमंत्री मोदी इसे समझने में असफल रहे हैं। जबकि वह एआई पर टेलीप्रॉम्प्टर (की मदद से) भाषण देते हैं। हमारे प्रतिस्पर्धी नयी प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं है, बल्कि इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और उत्पादन नेटवर्क को नियंत्रित करने में भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, यदि हम उत्पादन को नियंत्रित नहीं करते हैं तो हम एआई या प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नेतृत्व नहीं कर सकते। राहुल गांधी ने कहा, भारत के पास अपार प्रतिभा और प्रेरणा है लेकिन हमें खोखले शब्दों से कहीं अधिक की आवश्यकता है। हमें एक स्पष्ट दृष्टिकोण और वास्तविक औद्योगिक कौशल की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत के युवाओं के लिए आगे आने और यह सुनिश्चित करने का समय है कि भारत पीछे न छूटे।

## समाचार

### संपूर्ण समाधान दिवस में 19 शिकायतों में से 3 का हुआ निस्तारण



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**
**हसनपुर।** शनिवार को हसनपुर ब्लाक प्रांगण में शासन की मनसा अनुसार लगाए गए संपूर्ण समाधान दिवस में अमरोहा जिले के अपर जिला अधिकारी ने फरियादियों की फरियाद सुनी, वहीं मौके पर 19 शिकायत दर्ज की गई जिसमें राजस्व विभाग कि 6, पुलिस विभाग की 3, पूर्ति विभाग की 1, विकास विभाग की 2, विद्युत विभाग की 4, व अन्य 3 शिकायती प्राप्त हुई जिसमें से अपर जिला अधिकारी ने तीन शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया, वहीं अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित हल्का इंचार्ज वह लेखपाल को जिम्मेदारी दे दी गई है, बताते चलें कि शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ब्लॉक प्रांगण में किया गया, इस मौके पर उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव,तहसीलदार हसनपुर परमानंद श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, कानून गो नन्हे सिंह आर्य, सब इंस्पेक्टर मीनाक्षी गुप्ता तथा समस्त हल्का लेखपाल एवं हलका इंचार्ज मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद ने अतिक्रमण को लेकर जताई चिंता, दिया ज्ञापन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**
**हसनपुर।** शनिवार को नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के कार्यकताओं ने नगर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए एक ज्ञापन संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी को सौपा, जिसमें नगर के मेन रहरा अड्डे पर ई रिक्शा, टेंपो तथा ठेले वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण हर समय लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने हेतु अतिक्रमण हटाए जाना आवश्यक बताते हुए ई रिक्शा, टेंपो तथा ठेले वालों को हटाने की मांग की है, वही महाराणा प्रताप जी की मूर्ति के निकट पसरी गंदगी को भी हटाए जाने की मांग संगठन द्वारा की गई है, साथ ही रहरा अड्डे पर स्ट्रीट लाइट खराब है जिसे सही करने के लिए भी ज्ञापन में अवगत कराया गया है, साथ ही महाशिवरात्रि पर्व पर शिव भक्तों को इस कार्रवाई के बाद कोई परेशानी नहीं हो ऐसी व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट, जिला अध्यक्ष अमरोहा अनुपम त्यागी, जिला सचिव मोहित त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष नीरज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सरदार हरिश्चंद्र सिंह, सुशील भगत जी आदि मौजूद रहे।

### भाकियू बी आर एस एस ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**
**हसनपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस की मासिक पंचायत ब्लॉक परिसर एसडीएम कार्यालय के सामने हुई जिसमें मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक 11 सूत्रीय ज्ञापन उप जिला अधिकारी विभा श्रीवास्तव को दिया गया, जिसमें किसानों को ब्याज मुक्त लोन दिलवाए जाने, गजरौला से संभल तक रेल लाइन बिछवाए जाने, किसान सम्मन निधि को बढ़कर 2000 रुपए प्रति माह किए जाने, गऊ पालक किसानों को प्रतिदिन प्रीति पशु 100 रुपए के हिसाब से दिए जाने, गन्ने का भाव 450 रुपए प्रति कुंतल किए जाने, गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव छपना से सैद नंगली एवं जलोपुर गांव तक सड़कों की मरम्मत किए जाने, छपना गांव में रोडवेज बस स्टेशन बनाए जाने, मांडू मंदिर से बनने वाले गंगा पुल की लंबाई बढ़ाई जाने, उत्तर भारत की प्रत्येक ट्रेन में किसान यात्रियों के लिए एक स्पेशल बोगी लगाए जाने तथा हसनपुर के नवीन तहसील भवन मे रजिस्ट्री व तहसील कार्यालय को शिफ्ट कराए जाने एवं महाकुंभ संगम में नाविकों की मन मनी वसूली पर रोक लगाए जाने आदि को लेकर ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी,उदयवीर सिंह, हरकेश सिंह, ओमपाल सिंह, साहिब सिंह, योगेश कुमार, महेंद्र सिंह, शीशराम, राजू चौहान, हरकेश सिंह, शीशराम, नौसिंह आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है महाकुम्भ : पीयूष गोयल



**महाकुम्भ नगर, 15 फरवरी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ को एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्व भर के लोगों की आस्था देख कर आनंद की अनुभूति हो रही है। हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद ग्रहण किया।

**यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुम्भ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुम्भ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है।

## चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजूकेशन डगरोली में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में दी गई विशेष जानकारियां



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**
**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र की प्रगतिशील शिक्षण संस्थान चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजूकेशन डगरोली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत सात दिवसीय शिविर का प्रथम दिन संस्थान निदेशक पुनीत अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया, तथा द्वितीय दिन शिविर का उद्घाटन संस्थान की अध्यक्षा अनुभा अग्रवाल ने किया, प्रथम दिन निदेशक पुनीत अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के संबंध में विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही सरकार ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, विपणन, तकनीक, उद्योग, खेलकूद आदि क्षेत्रों में भरपूर अवसर प्रदान किए है, व्यावहारिक रूप देने के लिए एन एस एस और एनसीसी जैसी बहुमुखी एवं बहुउद्देशीय योजनाओं का संचालन किया, एन एस एस केंद्रीय युवा एवं खेलकूद मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है, इसको देश भर के विश्वविद्यालय द्वारा क्रियान्वित किया जाता है जिसके तहत कॉलेज स्तर पर एक दिवसीय एवं सात दिवसीय विशेष शिविरो का आयोजन कर ग्राम एवं मोहल्ले स्तर पर विभिन्न प्रकार के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विधिक जागरूकता, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा जैसे कार्यक्रमों के द्वारा स्वयंसेवकों के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक किया जाता है, इन सभी स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, इन विशेष स्वयंसेवियों को प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी सेवा में अधिभार मिलता है, इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने अतिथियों का परिचय कराया, स्वच्छता अभियान के पश्चात बौद्धिक वर्ग में अशोक कुमार ने "भारत में संस्कृतिक" एकता विषय पर सारपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया, इस मौके पर प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, विनोद कुमार गुप्ता, श्वेता शर्मा, कावेंद्र सिंह, लोकेश कुमार, अतुल शर्मा, भारती, नेहा, राखी, योगेश आदि शामिल रहे ' वही द्वितीय दिवस पर संस्थान की अध्यक्षा अनुभा अग्रवाल ने विशेष शिविर की विषय वस्तु" माई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा" विषय को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि देश के सभी युवाओं को डिजिटल तकनीक में पारंगत होना चाहिए, इस समय हर क्षेत्र में कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट एवं मोबाइल की महती आवश्यकता है, डिजिटल तकनीकी ज्ञान के बिना समय के साथ विकास नहीं कर सकते, वही द्वितीय दिन मल्लवाली डगरोली में जागरूकता अभियान चलाकर योजना की जानकारी साझा की गई, शनिवार को बौद्धिक वर्ग कंप्यूटर और रोजगार विषय पर हरिकिशोर सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया, कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने तृतीय दिवस की रूपरेखा बताई।

## भाकियू शंकर ने सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को ज्ञापन सौंपा



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**
**गजरौला।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर के नेतृत्व में शनिवार को संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी उन्हें सौंपा है। भाजपा सांसद के झनकपुरी स्थित फार्महाउस पर मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि लोकप्रिय सांसद-समाजसेवी चौधरी कंवर सिंह तंवर के द्वारा आम व गरीब जनता के हित में अनेकों प्रशंसनीय कार्य किये जाते रहे हैं, फिर चाहें वह हजारों गरीब बेटियों की शादी हो या फिर उनके द्वारा आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का उत्तम लाभ प्रदान किया जाना हो। गंगा धाम तिगरी को पर्यटक स्थल घोषित किये जाने व यहां पर विधुत शवदाहगृह के निर्माण की संस्तुति किये जाने पर हमारा संगठन सांसद कंवर सिंह तंवर का आभार व्यक्त करता है। उन्होंने जिले की टूटी-फूटी सड़कों व गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं किये जाने पर भी भाजपा सांसद का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि बहुत जल्द ही गंगा धाम तिगरी व ब्रजघाट का कायाकल्प होने जा रहा है,तिगरी में विधुत शवदाहगृह के निर्माण के साथ ही इसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। हालांकि उन्होंने चौधरी दिवाकर सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन मामलों को ये भी लगातार उठाते रहे हैं जिसमें इनका भी भरपूर सहयोग रहा है। वहीं गजरौला से सीधे हरिद्वार के लिएं ट्रेन संचालन मामले पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह रेल मंत्री से इस मामले पर बात करके जल्दी ही इस ट्रेन का संचालन कराएंगे। भाजपा सांसद से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से विक्रम सिंह पंवार, हरि सिंह प्रधान, उवैस चौधरी, जयवीर सिंह पंवार,मा जगत सिंह चौहान, गजराम चौहान,राकेश रतनपुर, चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी यतेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, सतेंद्र सिंह, बबली, पूनम चौधरी, प्रधान मधु चौधरी व नेमपाल सिंह उपस्थित रहे।

## हजारों वर्ष की परंपरा को नई ऊंचाई की ओर लेकर जाएगा काशी तमिल संगमम: सीएम योगी



**वाराणसी, 15 फरवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी के विजन को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने जिस कार्यक्रम को बढ़ाया, उसका परिणाम है कि महाकुम्भ प्रयागराज में लगभग 51 करोड़ श्रद्धालुओं ने मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाकर भारत की आस्था को एकता के संदेश के साथ जोड़ने का कार्य किया है। यहां जाति-पाति, क्षेत्र का भेद नहीं है, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को लेकर हर गंगे का उद्घोष करते हुए और मां गंगा का आशीर्वाद लेते हुए देश के अलग-अलग कोने से आकर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह अब तक सबसे बड़ा आयोजन है। इस बार महाकुम्भ के आयोजन के साथ काशी तमिल संगमम को भी जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि काशी तमिल संगमम् हजारों वर्ष की परंपरा को नई ऊंचाई की ओर लेकर जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नमो घाट पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन संग काशी तमिल संगमम् (तृतीय संस्करण) का शुभारंभ किया। सीएम ने काशी की धरा पर तमिल भाषा में अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने यहां केंद्रीय मंत्रियों व आगंतुकों संग फोटो खिंचवाई, प्रदर्शनी का अवलोकन किया, पुस्तकों का विमोचन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद भी उठाया।

**पीएम मोदी के मार्गदर्शन में अनवरत तीसरी बार काशी की धरा पर हो रहा काशी तमिल संगमम**

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में अनवरत तीसरी बार बाबा विश्वनाथ की धरा पर काशी तमिल संगमम् हो रहा है। यह 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के पीएम मोदी के विजन को आगे बढाऩे के महायज्ञ का भाग है। पहले दो संस्करण कार्तिक मास में हुए थे। उनकी भी अपनी महत्ता थी। उन्होंने कहा कि तृतीय संस्करण इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन 'महाकुम्भ प्रयागराज' हो रहा है।

## बार बालाओं का अश्लील डांस का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल।

### प्रतिबंध के बाद भी बार बालाओं का अश्लील डांस।



**संवाददाता मंजीत शर्मा।**
**पीलीभीत न्यूरिया।** जनपद में कई वर्ष पहले से बार बालाओं के डांस पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध के बाद भी बार बालाओं का अश्लील डांस रात भर जमकर हुआ। अश्लील डांस के वीडियो सोशल मीडिया जमकर वायरल हो रहे है। वायरल विडियो की पुष्टि हिंदी दैनिक लोकतंत्र की शान समाचार पत्र नही करता है।पीलीभीत जनपद के थाना न्यूरिया क्षेत्र के हरकिशनापुर गांव में एक बड़ा विवाद सामने आया है।यहां के प्रधान ने अपनी बर्थडे पार्टी में बार बालाओं का अश्लील डांस आयोजित किया।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।इस आयोजन में प्रधान ने रात भर बार बालाओं का अश्लील डांस करवाया। सूत्रों से जानकारी के मुताबिक रात भर जमकर ठुमकों पर नोट उड़ाए गए।यह आयोजन बिना अनुमति के किया गया था,जिससे गांव में अश्लीलता का माहौल बन गया। गांव के निवासियों ने बताया कि आयोजन के दौरान गांव में अश्लीलता का माहौल बन गया था। और बच्चों के सामने ऐसा आयोजन करना उचित नहीं था।इस मामले में प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। प्रधान ने अपनी बर्थडे पार्टी में कराया रात भर बार बालाओं का अश्लील डांस ठुमकों पर नोट उड़ाए बिना अनुमति के प्रधान ने गांव में अश्लीलता का आयोजन किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पीलीभीत के थाना न्यूरिया क्षेत्र के हरकिशनापुर गांव का मामला।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## महाकुम्भ से विदा हुए सनातन के संरक्षक दंडी स्वामी संत, संगम में किया महाकुम्भ का आखिरी स्नान



**महाकुम्भ नगर,15 फरवरी।** प्रयागराज महाकुम्भ अपने समापन की तरफ अग्रसर है। बसंत पंचमी के अमृत स्नान के बाद पहले 13 अखाड़ों की महाकुम्भ नगर से विदाई और फिर माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व के बाद कल्पवासियों की रवानगी हो चुकी है। इसी क्रम में माघ माह के कल्पवास में प्रथम साधक दंडी स्वामी संतो का भी महा कुम्भ नगर से प्रस्थान हो गया।

**महाकुम्भ के अंतिम स्नान के साथ महाकुंभ नगर से विदा हुए दंडी स्वामी**

संगम की पावन रेती पर एक महीने से प्रवास कर रहे सनातन धर्म के संरक्षक माने जाने दंडी स्वामी संतो ने त्रयोदशी को महाकुम्भ में अपना अंतिम स्नान किया और उसके बाद अपने अपने मठों की तरफ प्रस्थान कर गए। अखिल भारतीय दंडी परिषद के प्रमुख जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम जी बताते हैं कि माघ के महीने का कल्पवास तो माघ पूर्णिमा के साथ पुण्य की डुबकी लगाने से पूर्ण हो जाता है लेकिन कल्पवास करते समय जाने अनजाने में कभी दृष्टि पाप हो जाता है तो कभी श्रवण या स्पर्श पाप। इन सभी तरह के पाप संगम में त्रिजटा स्नान के बाद ही कटता है। फाल्गुन की त्रयोदशी को इस स्नान को करने के बाद सभी दंडी स्वामी संत महाकुंभ से अपने अपने स्थान के लिए रवाना हो गए।


## मुख्यमंत्री ने किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन

**वाराणसी, 15 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को काशी पहुंचे। यहां उन्होंने काशी विश्वनाथ में दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी की एक दिवसीय यात्रा के दौरान शनिवार को बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने गर्भगृह में षोडशोपचार पूजन कर लोक कलण की कामना की। सीएम योगी ने मंदिर प्रांगण व वहां से वापस आते समय श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मुख्यमंत्री ने यहां नन्हे-मुन्नों को दुलारा-पुचकारा। हालचाल जाना, फिर उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे ने हाथ बढ़ाया तो सीएम ने उससे हाथ भी मिलाया। वहीं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने के कारण मुख्यमंत्री ने काल भैरव दर्शन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

**विवेकानंद क्रूज से पहुंचे घाट**

मुख्यमंत्री संगमम से पहले नमो घाट से विवेकानंद क्रूज पर सवार होकर गंगाद्वार पहुंचे। वहां से काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। सीएम ने यहां घाटों का निरीक्षण भी किया। दर्शन-पूजन के उपरांत सीएम क्रूज पर सवार हुए और नमो घाट पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

नाव पर सवार लोगों ने लहराया केसरिया गमछा, लगाए जयश्रीराम के जयकारे मुख्यमंत्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के उपरांत क्रूज पर सवार होकर वापस नमो घाट जा रहे थे। इस दौरान बगल से गुजर रहे नाव-क्रूज पर सवार और घाट पर खड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को देखकर जयश्रीराम के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री को देख अभिभूत युवाओं ने केसरिया गमछा भी लहराया और मोबाइल से उनकी तस्वीर भी खींची।



## संगम में स्नान कर अभिभूत हुए गोवा के सीएम सावंत, योगी सरकार के प्रयासों को सराहा



**महाकुम्भ नगर, 15 फरवरी।** महाकुम्भ-2025 में देश-विदेश से दिग्गजों के आने का क्रम लगातार जारी है। महाकुम्भ में आने वाला हर एक व्यक्ति यहां की भव्यता व दिव्यता को अनुभूत करके मंत्रमुग्ध हो जा रहा है। यही कारण है कि इतने व्यापक स्तर पर हो रहे इस महाआयोजन को लेकर सीएम योगी और योगी सरकार के प्रयास, विजन व क्रियान्वयन की तारीफ करते लोग नहीं थक रहे हैं। शनिवार को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस कड़ी का हिस्सा बने। महाकुम्भ का हिस्सा बनने, पुण्य की डुबकी लगाने और तीर्थराज प्रयागराज की दिव्यता को अनुभूत करने वह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूरी कैबिनेट को लेकर आए। अपने अनुभव को अविस्मरणीय बताते हुए सावंत के कहा कि 50 करोड़ श्रद्धालुओं का इस महाआयोजन में आना इसकी व्यापकता व दिव्यता का प्रमाण है।

उन्होंने स्वयं व गोवा की जनता की ओर से सीएम योगी व योगी सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इतने सुव्यवस्थित तरीके से इतना बड़ा आयोजन आयोजित कराने के लिए योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं और इस दिव्य, आनंद व उत्सव से भरे क्षण उपलब्ध कराने के लिए सीएम योगी को धन्यवाद।

**प्रयागराज एयरपोर्ट पर कैबिनेट समेत पहुंचे सावंत**

गोवा के सीएम प्रमोद सावंत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट समेत महाकुम्भ में भाग लेने के लिए प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह आगे त्रिवेणी संगम में स्नान करने के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे और विधिवत स्नान किया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ के महाआयोजन का हिस्सा बनने और अमृत स्नान को अनुभूत करने के लिए आया हूं। 144 साल बाद हो रहा यह महाआयोजन भव्य है, दिव्य है और लोगों को आनंदित कर रहा है। गोवा के लोगों को यहां स्नान करने आने के लिए ट्रेन की फैसिलिटी उपलब्ध कराई है। यहां आना और इस आनंदित करने वाले क्षण का हिस्सा बनना सभी के लिए सुखद अनुभव है।

## भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है महाकुम्भ : ओम बिरला



**महाकुम्भ नगर, 15 फरवरी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को महाकुम्भ में पहुंचे और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मीडिया से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है। यह हमारी प्राचीन संस्कृति और धर्म का महोत्सव है। यहां संतों की वाणी, उनका प्रभाव और भक्तों की अपार श्रद्धा देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मां गंगा की कृपा सभी पर बनी रहे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए। ओम बिरला ने महाकुम्भ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद-पुराणों में इसका विशेष उल्लेख है। यह आयोजन समभाव और समरसता का प्रतीक है, जहां जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ आस्था के संगम में डुबकी लगाते हैं। महाकुम्भ न केवल आंतरिक ऊर्जा और चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि आत्मा और मन की शुद्धता भी प्रदान करता है। लोकसभा अध्यक्ष ने आस्था को जीवन का सबसे बड़ा सामर्थ्य बताते हुए कहा कि यह पर्व राजनीति से परे, सामाजिक और आध्यात्मिक समरसता का अवसर है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत से, गांव-गांव और शहर-शहर से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं, जो इस आयोजन की विशालता और पवित्रता को दशार्ता है।

# पंजाब

## निगम चुनाव में पार्षद पद के लिए 6 नामांकन दाखिल

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मेयर पद के लिए आज कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया तथा निगम पार्षद के विभिन्न वार्डों के लिए 6 नामांकन दाखिल किये गए। उन्होंने बताया कि नगर निगम के मेयर और सभी 20 वार्डों के पार्षद सदस्यों के चुनाव के लिए एडीसी यश जालुका को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है। नगर निगम में मेयर पद के लिए आज कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। पार्षद पद के लिये पांच नामांकन दाखिल किये गये। इनमें वार्ड तीन से दो, वार्ड पांच से एक, वार्ड 13, 15 और 17 से एक-एक नामांकन दाखिल किया गया। उन्होंने बताया कि मतदान दो मार्च और मतगणना 12 मार्च को कराई जाएगी। नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक (राजपत्रित अवकाश को छोडकर) सभी कार्य दिवसों में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अठारह को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। उन्नीस को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। बारह मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना कराई जाएगी।

**>>> यहां हो रहे है नामांकन**

करनाल नगर निगम मेयर निर्वाचन के लिये वार्ड एक से बीस तक उपायुक्त कार्यालय कोर्ट रूम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार, नगर निगम सदस्य के लिये वार्ड एक से पांच तक प्रबंध निदेशक, शुगर मिल कार्यालय, मेरठ रोड, में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एमडी शुगर मिल राजीव प्रसाद, वार्ड 9 से 13 तक जिला परिषद कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद गौ?

## ग्रामीण विकास में युवाओं का योगदान जरूरी - प्रोफेसर रामपाल सैनी

**करनाल बीटू संधू**


**करनाल।** जिले के गांव सग्गा में डीएवी पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित सात दिवसीय कैंप के पांचवें दिन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने युवाओं को ग्रामीण विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि भारत गांव में बसता है, हमारी संस्कृति, विचार, भाषा, रिति-रिवाजों की झलक गांव में दिखाई देती है। साथ ही गांव देश की आर्थिक और औद्योगिक विकास की प्रथम ईकाई है, इसलिए युवाओं को ग्रामीण विकास में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ वजीर सिंह ने स्वयं सेवकों और विद्यार्थियों को पंचायती राज प्रणाली एवं ग्रामीण विकास के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की उन्होंने कहा कि देश के विकास में पंचायती राज संस्थाओं का बहुत बड़ा योगदान है। इसलिए इन संस्थाओं को बढ़ावा देने के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी है। डीएवी पीजी कॉलेज की अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डॉ सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को कहा कि वह स्वयं शिक्षित बने और समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर आमजनता को जागरूक करने का काम करे। गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ पंकज शर्मा ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अपने लक्ष्य पर निरंतर कार्य कर उसे हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दृढ़ संकल्प को सफलता की पुंजी बताया। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा के हिंदी विभाग के प्रवक्ता डॉ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि युवा देश के कर्णधार है। देश के विकास और तरक्की में सबसे बड़ा योगदान युवाओं का है। इसलिए युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना होनी चाहिए।

## ग्रामीण परियोजनाओं और कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के आदेश

**(चंडीगढ़/जालंधर):** मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने विभाग के उच्च अधिकारियों से कहा कि प्रदेश को रंगला पंजाब बनाने के लिए सजग प्रयास किए जा रहे हैं और राज्य में एक सुनहरा दौर लाने के लिए गांवों का चौमुखी विकास करने के लिए सभी अधिकारियों को मेहनत और ईमानदारी से कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए जितने भी ग्रामीण परियोजनाएं और कार्य चल रहे हैं, उन्हें समयबद्ध पूरा किया जाए। पंचायत भवन में विभाग के उच्च अधिकारियों, एडीसी, डीडीपीओ, बीडीपीओ और विभिन्न विंगों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सौंद ने कहा कि पंजाब के गांवों को मॉडल गांवों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों में चल रहे सभी विकास कार्यों में देरी और ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सौंद द्वारा जनवरी महीने में की गई विभाग की पहली बैठक के दौरान जो लक्ष्य जिला अधिकारियों को दिए गए थे। उनकी समीक्षा भी की गई और सभी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

## डा. विनोद शाही को सतपाल-शकुन्तला डावर स्मृति-सम्मान

लुधियाना, फरवरी : डा. संजीव डावर एवं डावर परिवार की ओर से श्री सतपाल-शकुंतला डावर स्मृति-सम्मान समारोह का आयोजन 23 फरवरी को किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए डा. संजीव डावर ने बताया कि यह समारोह अवध, नजदीक पीसीटीई कालेज कैम्पस-2, ओलिविया गार्डन, बद्दोवाल, नजदीक फिरोजपुर रोड में सुबह 11:30 बजे शुरू होगा, जिसमें साहित्यकार डा. विनोद शाही को सम्मानित किया जाएगा। डा. शाही राजकीय महाविद्यालय जंडियाला जालंधर के प्राचार्य रह चुके हैं।



डा. विनोद शाही



अमृतसर. वेलेंटाइन-डे पर एक महिला फूल खरीदती हुई।

## नागरिक जलापूर्ति व सीवरेज के अवैध कनेक्शन को 15 दिनों में करवाएं वैध- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

### कनेक्शन लेने के उपरांत मीटर अवश्य लगवाएं नागरिक, बकायादार अपनी बकाया राशि भी करवाएं जमा, अन्यथा होगी कार्रवाई।

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा है कि जिन व्यक्तियों ने नगर निगम की अनुमति के बिना जलापूर्ति व सीवरेज के अवैध कनेक्शन लिए हैं, वह उन्हें वैध करवा लें। इसके लिए उन्होंने नागरिकों को 15 दिनों का समय दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन लेने वाले नागरिक निर्धारित फीस व दस्तावेज जमा करवाकर अपने कनेक्शन को वैध करवाएं। इस अवधि के बीत जाने के बाद नगर निगम की टीम अवैध कनेक्शन लेने वाले नागरिकों पर नगर निगम सख्त रूख अपनाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों ने कनेक्शन लिए हुए हैं, परंतु मीटर नहीं लगवाएं हैं, वह भी अपने मीटर अवश्य लगवा लें। यह देने होंगे दस्तावेज- उन्होंने बताया कि जलापूर्ति एवं सीवरेज



कनेक्शन लेने के लिए नागरिकों को एक आवेदन लिखना होगा। आवेदन के साथ सम्पत्ति की रजिस्ट्री, मालिक का आधार कार्ड, फोटो, पडोसी का जलापूर्ति व सीवरेज बिल, सम्पत्ति कर बिल तथा परिवार पहचान पत्र की फोटोप्रति संलग्न करके नगर निगम करनाल कार्यालय में फाईल जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक स्थानों में जिन लोगों ने नगर निगम से कनेक्शन लेकर मीटर लगवाएं हुए हैं, उनका बिल, मीटर रिडिंग के अनुसार या 1440 रुपए सालाना आता है। इसके विपरित जिन लोगों ने मीटर नहीं लगवाएं हैं, ऐसे लोगों का सालाना बिल 15 हजार रुपए आता है। इसलिए उन्होंने कहा कि सभी लोग कनेक्शन लेने के पश्चात मीटर अवश्य लगवाएं। इसके अतिरिक्त जिन व्यक्तियों का जलापूर्ति व सीवरेज बिल बकाया चला आ रहा है।

## महावीर सिंह मलिक ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के प्रदेश चेयरमैन नियुक्त

### नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** मानवाधिकारों की जागरूकता एवं सुरक्षा के लिए देशभर में कार्यरत भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा द्वारा हरियाणा प्रदेश टीम का विस्तार करते हुए रोहतक के वरिष्ठ समाजसेवी महावीर सिंह मलिक को हरियाणा का प्रदेश चेयरमैन नियुक्त किया। इस अवसर पर फेडरेशन के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नवनियुक्त पदाधिकारी महावीर सिंह मलिक को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहते हुए मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महावीर सिंह मलिक ने कहा कि वह मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए देशभर में प्रोजेक्ट करेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मेहर सिंह टाइगर एवं धर्मवीर राठी उपस्थित थे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि महावीर सिंह मलिक रोहतक के



विख्यात वरिष्ठ समाजसेवी है जो कई वर्षों से समाजसेवा के कार्यों में लगे हुई हैं। उन्होंने कहा कि फेडरेशन द्वारा मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए काफी प्रोजेक्ट किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार वे नैतिक सिद्धान्त हैं जो मानव व्यवहार से सम्बन्धित कुछ निश्चित मानक स्थापित करता है। ये मानवाधिकार स्थानीय तथा अन्तरराष्ट्रीय कानूनों द्वारा नियमित रूप से रक्षित होते हैं। ये अधिकार प्रायः ऐसे 'आधारभूत अधिकार' हैं जिन्हें प्रायः 'न छीने जाने योग्य' माना जाता है और यह भी माना जाता है कि ये अधिकार किसी व्यक्ति के जन्मजात अधिकार हैं। व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म, आदि का इन अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं होता। ये अधिकार सदा और सर्वत्र देय हैं।

## साल की सबसे बड़ी खेप मिली

## पाकिस्तानी ड्रोन से आई 150 करोड़ की हैरोइन बरामद; 1 तस्कार काबू : डीजीपी गौरव यादव

### सीमा पार से तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, आरोपी बड़े पैमाने पर तस्करी में शामिल था



जानकारी देते एसएसपी चरणजीत सिंह, साथ हैं एसपी हरिंदर सिंह गिल, इंस्पैक्टर अमनदीप सिंह और पुलिस टीम।



बरामद की गई हैरोइन।

अमृतसर, फरवरी : अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार से तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर 150 करोड़ रुपए की 30 किलोग्राम हैरोइन बरामद की। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि यह साल 2025 की सबसे बड़ी हैरोइन जब्ती है। उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान से ड्रग्स लाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। गिरफ्तार आरोपी बड़े पैमाने पर हैरोइन की तस्करी में शामिल था।



डीजीपी गौरव यादव

हाल ही में सीमा पार ड्रोन के जरिए तस्करी की गई हैरोइन की एक बड़ी खेप मिली थी। डीजीपी यादव ने कहा कि थाना घरिंडा में एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और तस्करी नैटवर्क की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ड्रग तस्करी को खत्म करने और एक सुरक्षित पंजाब सुनिश्चित करने के अपने संकल्प में प्रतिबद्ध है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुर सिमरनजीत सिंह उर्फ सिमरन के रूप में हुई है। ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए एसएसपी अमृतसर (ग्रामीण) चरणजीत सिंह ने बताया कि खुफिया इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, एसएचओ घरिंडा के नेतृत्व में अमृतसर ग्रामीण पुलिस की टीमों ने एक कार को रोका और तलाशी लेने पर एक बैग में हैरोइन के 4 पैकेट (हर पैकेट में 7.5 किलो) मिले। एसएसपी ने कहा कि इस तस्करी अभियान में शामिल स्रोत और वितरण नैटवर्क के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## नगर निगम ने सेक्टर 12 में चलाया स्वच्छता अभियान, एच.एस.वी.पी. के खाली ब्लॉक्स व पार्कों को किया क्लीन- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

### नगर निगम क्षेत्र में चलाई जा रही अनेक स्वच्छता गतिविधियां, शहर को क्लीन सिटी बनाने में नागरिक करें सहयोग।

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर स्वच्छता गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। शनिवार को इसे लेकर सेक्टर 12 क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर एच.एस.वी.पी. के खाली पड़े बड़े ब्लॉक्स तथा पार्कों की साफ-सफाई कर क्लीन किया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान में नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, स्वच्छता चैम्पियन, स्वच्छ भारत टीम के अतिरिक्त शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण सोसाईटी, विभिन्न सामाजिक संस्थाएं तथा निवासी कल्याण संघ ने एक साथ मिलकर सेक्टर 12 क्षेत्र की साफ-सफाई की। उन्होंने बताया कि शहर में नागरिक खाली मैदान या प्लॉट इत्यादि में कूड़ा-कचरा डाल देते हैं, जिससे धीरे-धीरे यह जी.वी.पी. बन जाते हैं। हालांकि समय-समय पर नगर निगम द्वारा सफाई अभियान के तहत ऐसे क्षेत्रों की साफ-सफाई की जाती है। ऐसे पॉयट्स की साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान के बाद आस-पास के क्षेत्र की सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों के तहत जागरूक करने का कार्य किया जाता है, ताकि वहां दोबारा से कूड़ा-कर्कट ना आए। उन्होंने बताया कि निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों व विद्यालयों में रोजाना स्वच्छता गतिविधियां चलाकर शहरवासियों व विद्यार्थियों को जागरूक करने का काम कर रही है। दूसरी ओर आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## अमृतसर-अयोध्या धाम के लिए 20 को चलेगी स्पैशल ट्रेन

फिरोजपुर/ अमृतसर, फरवरी : फिरोजपुर रेल मंडल ने यात्रियो को तोहफा देते हुए अमृतसर-श्री अयोध्या धाम के लिए स्पैशल यात्री गाड़ी चलाने का फैसाल लिया है। यह स्पैशल यात्री गाडी 20 फरवरी को अमृतसर से रवाना होगी। फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी परमवीर सिंह सैनी ने बताया कि ट्रेन संख्या 04622 अमृतसर से अयोध्या धाम के लिए 20 फरवरी (1 ट्रिप) के लिए चलाई जाएगी। सैनी ने बताया कि यह आरक्षित स्पैशल ट्रेन नंबर (04622) अमृतसर से दोपहर 12:45 बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 11:30 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी। वापसी दिशा में, यह आरक्षित स्पैशल ट्रेन (04621)अयोध्या धाम से अमृतसर के लिए 22 फरवरी को (1 ट्रिप) के लिए चलाई जाएगी। यह आरक्षित स्पैशल ट्रेन नंबर (04614) अयोध्या धाम से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 08:45 बजे अमृतसर पहुंचेगी। यह आरक्षित स्पैशल जंडियाला, जालंधर सिटी, लुधियाना, धुरी, अंबाला कैंट, सहारनपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर तथा लखनऊ स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।



परमवीर सैनी

## वित्त मंत्री ने राज्यसभा में मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया : राघव चड्ढा

### मंत्री ने तकनीकी शब्दजाल में उलझाकर मध्यम वर्ग को गुमराह करने की कोशिश की

जालंधर/नई दिल्ली, फरवरी : आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा राज्यसभा में उन पर किए गए कटाक्ष पर अपना पक्ष रखा। राघव चड्ढा ने कहा कि मैंने अपने भाषण में रेल यात्रियों से जुड़ी समस्याएं, मध्यम वर्ग की वित्तीय चुनौतियां, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे शुल्क व टैरिफ और गिरता हुआ रुपया जैसे कई मुद्दे उठाए थे। उन पर जवाब न देते हुए, उन्होंने टैक्स वाले मुद्दे पर मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया। राघव चड्ढा ने वीडियो में कहा, 'वीरवार को राज्यसभा में बजट पर बात करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेरे बयान पर काफी कटाक्ष किया और यह भी कहा कि मैंने सदन को गुमराह करने की कोशिश की। जब मैंने उनके सवालों का जवाब देने की अनुमति मांगी तो मुझे अनुमति नहीं दी गई, इसलिए मैंने सोचा कि इस वीडियो के माध्यम से सीधे वित्त मंत्री से बात करूं और सच्चाई स्पष्ट करने की कोशिश करूं। केंद्रीय बजट 2025 पर चर्चा के दौरान मैंने कई मुद्दे उठाए, जैसे कि रेल यात्रियों से जुड़ी समस्याएं, मध्यम वर्ग की वित्तीय चुनौतियां, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे शुल्क और टैरिफ और गिरता हुआ रुपया। वित्त मंत्री ने इन मुद्दों पर कोई जवाब नहीं दिया। वित्त मंत्री ने इस अवधारणा को समझाने के लिए मेरे द्वारा दिए गए उदाहरण को तकनीकी रूप से जटिल बनाने की कोशिश की और इसमें सीमांत कर छूट की अवधारणा को जोड़कर यह साबित करने की कोशिश की कि मेरा उदाहरण गलत था। मैं आपसे सीधे पूछना चाहता हूं वित्त मंत्री जी, क्या यह सच नहीं है कि अगर कोई व्यक्ति 12 लाख रुपए से ज्यादा कमाता है, तो उसे अपनी पूरी आय पर कर देना होगा? 'उन्होंने कहा, 'आप 12 लाख 75 हजार रुपए तक सीमांत कर छूट दे रही हैं। आप मुझे बताएं कि अगर कोई व्यक्ति एक वित्तीय वर्ष में 13 लाख रुपए कमाता है, तो क्या उसे अपने स्लैब के अनुसार 13 लाख रुपए की पूरी आय पर आयकर देना होगा या नहीं? या उसे 13 लाख रुपए में से 12 लाख रुपए घटाकर कर देना होगा? सही उत्तर यह है कि उसे पूरे 13 लाख रुपए पर आयकर देना होगा। मान लीजिए कोई व्यक्ति सालाना 12 लाख 76 हजार रुपए कमाता है, तो उसे पूरे 12 लाख 76 हजार रुपए पर आयकर देना होगा, न कि सिर्फ 12 लाख रुपए से ऊपर कमाए गए 76 हजार रुपए पर।



राघव चड्ढा

## कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत

**फरवरी :** कार और स्कूटी की टक्कर में गर्भवती महिला और उसके पति की मौत का मामला सामने आया है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 3:30 बजे का है। मोगा-फिरोजपुर रोड पर थाना सदर से पहले एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी पर जा रहे पति-पत्नी को टक्कर मार दी। कार सवार गाड़ी से फिरोजपुर की ओर जा रहा था कि आगे जा रही गाड़ी को ओवरटेक करते समय दूसरी तरफ से आ रही स्कूटी को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से स्कूटी पर पीछे बैठी महिला 15 से 20 फुट हवा में उछली और सड़क पर गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं उसका पति गंभीर घायल हो गया। उसे डीएमसी लुधियाना ले जाया गया, लेकिन वहां उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान लवजीत कौर और पति बलकार सिंह गांव निधावाला के तौर पर हुई है। मृतका 5 महीने की गर्भवती थी। हादसे के बाद दोनों पति-पत्नी को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया।

## भाजपा मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' रखेगी : सिरसा

**नई दिल्ली, फरवरी :** राजौरी गार्डन से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखा जाएगा, ताकि वे लोगों की सेवा के वास्तविक केंद्र बन सकें। सिरसा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के तहत, मोहल्ला क्लीनिक फर्जी जांचों और फर्जी मरीजों से ग्रस्त हो गए हैं, जिससे वे पैसे कमाने वाले एटीएम में बदल गए। सिरसा ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार जे.जे. क्लस्टर के निकट 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' स्थापित करेगी, ताकि इन क्षेत्रों के सभी निवासियों के लिए मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित की जा सके। विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के पहले संकल्प पत्र (घोषणापत्र) में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए जे.जे. क्लस्टर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने का वादा किया गया था। दिल्ली की निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों में विभागों के आवंटन को लेकर ''आंतरिक खींचतान'' मची है। आतिशी ने दावा किया कि भाजपा नेता सार्वजनिक धन के लालच में मंत्री पद को लेकर ''झगड़'' रहे हैं।



मनजिंदर सिरसा

## ज्ञानी हरप्रीत सिंह के पक्ष में खड़े हुए ज्ञानी रघबीर सिंह, कहा- '18 साल पुराने पारिवारिक मामले को झूठा रंग देकर ज्ञानी हरप्रीत सिंह के खिलाफ मीडिया ट्रायल चलाया गया'

अमृतसर, फरवरी : एसजीपीसी द्वारा गठित 3 सदस्यीय कमेटी की सिफारिशों के बाद बर्खास्त किए गए जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के पक्ष में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह खड़े हो गए हैं। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में घटित हुए घटनाक्र मों को बहुत गंभीरता से देख रहे हैं। इन परिस्थितियों से मेरा हृदय बहुत दुखी है। तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह को पद से हटाने के लिए अपनाए गए कारण और तरीका बिल्कुल भी सही नहीं है। 2 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब से पंथक भावनाओं व परंपराओं के मद्देनजर लिए गए फैसलों के बाद ही ऐसा लगने लगा था कि सिंह साहिबानों के खिलाफ सोची-समझी रणनीति के तहत माहौल बनाया जा रहा है। 18 साल पुराने पारिवारिक मामले को झूठा रंग देकर सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह के खिलाफ मीडिया ट्रायल चलाया गया। इस संबंध में जब एसजीपीसी ने जांच कमेटी गठित की थी, तब मैंने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के तौर पर कहा भी था कि यह सही नहीं है। यदि किसी तख्त साहिब के किसी जत्थेदार के खिलाफ किसी आरोप की जांच करने की जरूरत है तो केवल श्री अकाल तख्त साहिब ही ऐसा कर सकता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह को अपने पद से सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जत्थेदारों को इस तरह अपमानित कर पद से हटाया जा रहा है।



ज्ञानी रघबीर सिंह

### ज्ञानी हरप्रीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट बदले की भावना के तहत तैयार की गई : जत्थेदार सुरिंदर सिंह

**(अमृतसर):** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में शिअद (बादल) के विरोधी गुट के सदस्यों ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह से मांग की है कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह के विरुद्ध गठित की गई 3 सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट को तुरंत खारिज किया जाए। यह रिपोर्ट ज्ञानी हरप्रीत सिंह के खिलाफ बदले की भावना के तहत तैयार की गई है। संगत की भावनाओं के अनुसार इस जांच रिपोर्ट की भी जांच होनी चाहिए। जत्थेदार सुरिंदर सिंह, भाई मनजीत सिंह, जत्थेदार मिट्ठू सिंह, जत्थेदार सतविंदर सिंह टोहरा व मलकीत सिंह चंगाल द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि इस झूठी रिपोर्ट के आधार पर तख्तों की संप्रभुता, सर्वोच्चता और अवधारणा के खिलाफ जाकर श्री अकाल तख्त साहिब के अधिकार क्षेत्र को खुली चुनौती दी गई है।

### मैं धर्म का विद्यार्थी, मजबूर किया तो राजनीति की पिच पर आऊंगा : ज्ञानी हरप्रीत सिंह

**अमृतसर:** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बर्खास्त किए गए तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि वह धर्म के विद्यार्थी हैं, लेकिन अगर भगौड़ा शिरोमणि अकाली दल उन्हें मजबूर करेगा तो वह राजनीति की पिच पर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल की भर्ती के लिए गठित 7 सदस्यीय निगरानी समिति के सदस्यों से कहा कि भले ही उनकी संख्या कम हो, लेकिन वे श्री अकाल तख्त के आदेशों के अनुसार शिरोमणि अकाली दल की भर्ती स्वयं शुरू करें। शिरोमणि अकाली दल की भर्ती के लिए गठित 7 सदस्यीय कमेटी की वीरवार को हुई बैठक के बाद ज्ञानी हरप्रीत सिंह का उक्त बयान आया है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने शिरोमणि अकाली दल पर श्री अकाल तख्त के आदेशों से भागने का आरोप लगाया है और इसे भगौड़ा पार्टी करार दिया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा की जा रही भर्ती फर्जी है। पार्टी में फर्जी सदस्यों की भर्ती की जा रही है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने 7 सदस्यीय समिति की बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि दावा किया गया था कि इस बैठक में शिरोमणि अकाली दल के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ को आमंत्रित किया गया था। लेकिन, बाद में भूंदड़ ने कहा कि उन्हें कोई निमंत्रण नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह एक भ्रामक कार्रवाई है।



ज्ञानी हरप्रीत सिंह

# जनकल्याणकारी योजनाओं से पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करें: जिलाधिकारी

## कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में जनपद शीर्ष स्थान होने पर समस्त अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनपद को शीर्ष स्थान पर काबिज रखने के लिए इसी प्रकार अपने कार्यों का निर्वहन करें, और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करें। उन्होंने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की।विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से वाणिज्य कर, विधुत और आबकारी विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली के प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर, प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्टांप क्रापवंचन में प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं। अवैध परिवहन, बिना रॉयल्टी के चलने वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट के वाहन और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और धर-पकड़ अभियान चलाकर लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए।जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों व अन्य वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह, सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता दिखाएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, समस्त उप जिलाधकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रेप के मामले को छेड़खानी में लिखने के आरोपी कुठोंद थाना प्रभारी सरोज निलंबित

■ उरई

रेप के मामले को छेड़खानी मैं लिखने के आरोपी कुटौंद थाना अध्यक्ष के पी सरोज को एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है।

मामला भगत 6 फरवरी का बताया जा रहा है जब कुंठोंद थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके साथ गांव के युवक विशाल द्वारा रेप किया गया है, लेकिन थाना अध्यक्ष सरोज ने महिला पर दबाव बनाया तथा उस से छेड़खानी का प्रार्थना पत्र लिखवा लिया तथा रिपोर्ट भी छेड़खानी की धाराओं में दर्ज कर ली पीड़ति महिला ने मामले की शिकायत एडीजे कानपुर जोन आलोक सिंह से की जिस पर एडीजे कानपुर जोन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने मामले की जांच करने की जिम्मेदारी सीओ जालौन शैलेंद्र वाजपेई को सौपी,जांच में यह स्पष्ट हो गया कि महिला के आरोप सही है उसके साथ रेप हुआ है इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की जानकारी एडीजे कानपुर जौन को दी गई तथा उनके निर्देश के बाद थाना अध्यक्ष के पी सरोज को निलंबित कर दिया गया है साथ ही एक जांच कमेटी गठन की गई है जो जांच कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित करेगी।

## चार लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट की

**जालौन-उरई।**सोसाइटी में जमा किए गए धन को लेकर चार लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट कर दी। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया भवानीराम निवासी गिरींद्र कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस को बताया कि मोहल्ला नया खंडेराव निवासी चार लोग उनके घर आए और सोसाइटी में जमा रुपये को लेकर उन्होंने घर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जबकि वह भी इसमें पीड़ित है। जब समझाने की कोशिश की तो मारपीट कर दी। इतना ही नहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके पिता बीमार चल रहे हैं। इस घटना के बाद वह परेशान हैं। पीड़ित ने पुलिस मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 23 क्वार्टर देशी शराब सहित गिरफ्तार

**जालौन-उरई।** नगर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने उरगांव मार्ग से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे गौरव तिवारी निवासी उरगांव को पकड़ा है। जिसके पास से जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने 23 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### घर से भागी दो युवतियों को पुलिस ने बरामद किया

**कोंच।** कोतवाली पुलिस ने घर से गयीं 2 युवतियों को सकुशल बरामद कर लिया ।जानकारी के अनुसार नगर के एक मुहल्ले सहित कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी दोनों युवतियों को बहला फुसलाकर युवक घर से भगा कर ले गए थे। दोनों युवतियों के परिजनों ने मामले को लेकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था ।पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद से दोनों युवतियों की खोज में जुट गयी थी। बीते रोज नगर के बस स्टैंड से मुखबिर की सूचना पर भेंड़ चौकी प्रभारी सुशील कुमार और सागर चौकी प्रभारी अविनीश कुमार पटेल ने महिला पुलिस कर्मियों के सहयोग से दोनों युवतियों को सकुशल बरामद कर लिया ।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि मेडिकल परीक्षण के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी।

### युवक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की

**जालौन-उरई।** शादी समारोह में शामिल होने गए एक युवक के साथ दूसरे युवक ने गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया खंडेराव निवासी विनायक द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वह चुर्खी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। शादी समारोह के दौरान वहां मौजूद सिहारी पड़ैया निवासी मोंटी रंगबाजी दिखाते हुए गाली, गलौज करने लगा। जब उसने रोकने की कोशिश की तो उसने मारपीट शुरू कर दी। शादी समरोह में मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की तो वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों के साथ मारपीट करने को लेकर विवाद में दो पर कार्यवाही

**जालौन-उरई।** मोहल्ले के बच्चों के साथ मारपीट करने को लेकर विवाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भाइयों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र जालौन निवासी रवि व विजेंद्र मोहल्ले में बच्चों में साथ गाली, गलौज व मारपीट कर रहे थे। आसपास के लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### घरों में गायों के पालन पोषण करने वालों को पालिका 15 सौ रूपये महीना प्रदान करेंगी

**कालपी-उरई।** गौवंशों की सेवा एवं संरक्षण करने के लिए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव ने लोगों से सहयोग की अपील की है। अपने-अपने घरों में गायों के पालन पोषण करने वालों को पालिका के द्वारा 15 सौ रूपये महीना प्रदान किए जाएंगे। मालूम हो कि कालपी नगरीय क्षेत्र में आलमपुर मोहल्ले में संचालित गौआश्रय स्थल के प्रभारी एवं राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका के द्वारा संचालित आलमपुर गौशाला में वर्तमान समय में 222 गाय मौजूद हैं। गायों के लिए भूसा, हरा चारा व चौखर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध तथा पांच केयरटेकर गौवंशों की देखभाल के लिए लगे हैं तथा शुद्ध पानी एवं छाया के पूर्ण व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि गौशाला से गौवंशो को निजी व्यक्तियों द्वारा पालने तथा संरक्षण करने के लिए योजना चलाई जा रही है। गौशाला से अपने-अपने घरों में गौवंशो को पालने वाले गौपालकों को 15 सौ रुपये महीना प्रदान किया जा रहा है। अभी तक 78 लोग गौवंशों का पालन एवं संरक्षण कर रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि गुड़ तथा हरा चारा खिलाकर लोगों से गौवंशो की देखभाल तथा संरक्षण करने की अपील की है।

### अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होने के बाद भी मीट दुकान का किया जा रहा संचालन

**जालौन-उरई।** बड़े पशुओं के मीट की बिक्री के जारी नगर पालिका द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होने के बाद भी दुकान का संचालन किया जा रहा है। नगर पालिका ईओ ने मांस की दुकान बंद कराने के लिए एसडीएम को पत्र लिखा है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि नगर में जुबैर अहमद निवासी मोहल्ला तोपखाना द्वारा नगर में भैंस व भैंसा के मांस की बिक्री की जा रही है। जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र नगर पालिका द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए जारी किया गया था। वर्तमान में अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है। जबकि उपरोक्त विक्रयकर्ता द्वारा नगर पालिका द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को आधार बनाते हुए एफएसएसएआई का लाइसेंस निर्गत करा लिया गया है। जिसमें लाइसेंस की वैधता 26 जून 2025 तक मान्य की गई है। ऐसे में इस लाइसेंस को अवैध रूप से निर्गत कराया गया है। जिसे निरस्त कराया जाएगा। बताया कि इस संदर्भ में एसडीएम को पत्र लिखा गया है। शीघ्र ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दूसरा सेमीफाइनल मैच आज

**जालौन-उरई।** जेपीएल संयोजक गौरीश द्विवेदी ने बताया कि जालौन प्रीमियर लीग सीजन दो का दूसरा सेमीफाइनल मैच दिनांक 15 फरवरी दिन शनिवार को प्रधान इलेवन जालौन व जमुना देवी क्रिकेट क्लब के बीच दोपहर 12 बजे से छत्रसाल मैदान पर खेला जाएगा।

# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

■ कोंच



गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज,सरस्वती शिशु मंदिर/ शिशु वाटिका मे भारतीय संस्कृति के अनुरूप माता-पिता, दादा-दादी पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक ओमनारायण मिश्रा,कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, विद्यालय की उपाध्यक्षा डॉ नीता रेजा, प्रबंधक डॉ दिलीप अग्रवाल, विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष प्रो. महेन्द्रनाथ उपस्थित रहे वही विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व प्रधानाचार्य बृजबलभ सिंह सेंगर, शिवप्रसाद निरंजन, रामप्रकाश प्रधान, प्रभा नगाइच, बब्बू राजा नरी, मधु गुप्ता, मोंटी गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सीता तिवारी, प्रेमा गुप्ता, प्रधानाचार्या आभा तिवारी मंच पर उपस्थित रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिओ ने माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया।छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वही पुलवामा हमले पर विचार रखे कार्यक्रम का संचालन आचार्य राजेंद्र दुबे ने किया कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओ ने अपने माता पिता, दादा दादी का पूजन कर आरती उतारी। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह,पंकज बाजपेई, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा,शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, प्रभा गुप्ता, राजीव राठौर, शिवानी सिंह, आकांक्षा सिंह, ज्योति गुप्ता, रंजना तिवारी, पूजा राठौर, रौली मिश्रा, मनीष अग्रवाल, शुर्ति गुप्ता, वंदना अवस्थी, रवि कुमार, दिव्या मिश्रा,राधा दुबे,विनीत खरे, मृदुल दुबे,सतीश पाण्डेय, सुलभ अग्रवाल ,नरेंद्र सिंह, कृष्णकुमार, आनंद भरजद्वाज, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, हरिकिशोर, रामकुमार, अरविन्द, अंजना, आकांक्षा, सरिता, साधना, योगेश, अंकित पटेल, मीनू शर्मा, चंदा कुशवाहा, दीक्षा, सोनम, शुभम, जितेंद्र शाहू सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय में एनएसएस के एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

■ कोंच



नदीगांव रोड स्थित अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया।शिविर में प्रतिभाग करते हुए छात्राओं ने अपने-अपने नाम से एक-एक पौधा रोपकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया,गस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक विपिन शुक्ला विक्कू ने भी अपनी माँ के नाम एक पौधा रोपा। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने छात्राओं को पेड़ पौधे लगाने के फायदे, जल संरक्षण, वन संरक्षण एवं वातावरण शुद्ध करने के लिए वृहद वृक्षारोपण की आवश्यकता के बारे में बताते हुए जागरुक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अंजना द्विवेदी और डॉ नौशाद अहमद ने भी छात्राओं को अहम जानकारियाँ दी। इस मौके पर डॉ अखिलेश विक्रम, वीरेंद्र त्रिपाठी, उदयकांत वाजपेई, शाहरुख खान, महेंद्र परिहार सहित छात्राओं में शिवानी, शैलजा, राफिया, कीर्ति, मंजू, कृतिका आदि उपस्थित रहीं।

# विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगना प्रारंभ

■ कोंच



एसडीओ विद्युत के नेतृत्व मे विद्युत विभाग द्वारा नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया है।क्रय विक्रय सहकारी समिति कार्यालय के पीछे स्थित कालोनी में मीटर विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं के घरों के बाहर स्मार्ट मीटर लगाए। उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य और अवर अभियंता अमन पांडेय, अंकित सहनी ने मौके पर पहुंचकर स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य को देखते हुए कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उपखंड अधिकारी ने नगर के सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि घरों के बाहर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर केबिल सहित पूरी तरह से निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। यदि कोई भी व्यक्ति रुपये मांगता है तो विभागीय कार्यालय सहित टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर के बाद अगले चरण में ग्रामीण क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण आज

**जालौन-उरई।** देवनगर चौराहे पर कुछ दिनों पूर्व स्थापित की गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण आज सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने दी है।

## एमएल कांवेंट के छात्र ने जेईई मेन की परीक्षा में 99.47 फीसदी अंक पाकर विद्यालय का नाम किया रोशन



**जालौन-उरई।** एमएल कांवेंट के छात्र ने जेईई मेन की परीक्षा में 99.47 फीसदी अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार के साथ ही परिजनों ने उन्हें बधाई दी है।

हाल ही में जेईई मेन परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम धंतौली के रहने वाले किसान अनिरुद्ध सिंह के बेटा विश्वनाथ सिंह नगर के एमएल कांवेंट स्कूल में कक्षा 12 का छात्र है। साथ ही वह जेईई की तैयारी कर रहा था। जेईई मेन के घोषित किए गए परीक्षा परिणामों में विश्वनाथ ने उम्दा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 99.47 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। पिता अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि बेटे को स्कूल के दिनों से ही फिजिक्स और मैथ्य में काफी दिलचस्पी थी। ऐसे में उसने 10वीं के बाद तय कर लिया था कि उसे इंजीनियरिंग ही करनी है। मां रानी देवी ने बताया कि विश्वनाथ की सफलता न सिर्फ उसकी सफलता है बल्कि पूरे परिवार की सफलता है। फिलहाल विश्वनाथ जेईई के रिजल्ट से खुश हैं। लेकिन अभी वे अपने 12वीं की बोर्ड परीक्षा पर फोकस करना चाहते हैं। वहीं बोर्ड परीक्षा के साथ ही उनका टारगेट है जेईई एडवांस परीक्षा। कहा कि सिलेबस के बाहर कुछ भी पड़ने की जरूरत नहीं है। शिक्षक जैसा कहते हैं उसी अनुसार से अपनी तैयारी करें। वह दूसरों की गलतियों को दोहराने के बजाय उनसे सीखने में विश्वास रखते हैं। विद्यालय के छात्र की इस सफलता पर निदेशक गौरव गुप्ता व विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में कलाकारों ने लोकगीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया

■ जालौन-उरई



श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में जयसिंह राजा परमार व उनकी टीम द्वारा लोकगीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बुंदेली लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गीतों को सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोग झूमने को मजबूर हुए।

श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में गुरुवार की रात बुंदेली कलाकार जयसिंह राजा परमार एवं उनकी टीम की रोशनी पटेल, रानी कुशवाहा व अरविंद प्रजापति द्वारा बुंदेली लोकगीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेला अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्लन कर किया गया। इसके बाद गीतकार रानी कुशवाहा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य गायक जयसिंह राजा परमार द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत 'कलयुग में अब मोहन अवतार न लिइयो, नहीं तो हैरानी हुईये फिर हमसे न कहियो' ने खूब प्रशंसा पाई। इनके द्वारा हास्य गीत 'आरती हल्की शाली की' ने खूब ताली बटोरी। अन्य गीत 'बारे करवा चौथ महान, पूरी साल कहती राक्षस एक दिन कहती भगवान' गीत ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। रोशनी पटेल ने 'तुम लइयो ढुंढाए' गीत को सुनकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। वहीं, रानी कुशवाहा द्वारा गाया गया 'ऊंची अटरिया रंगभरी, चंदन जड़ी है किवड़िया' लोकगीत को मौजूद दर्शक गद्गद हो गए। वहीं, 'गोरी मायके में मचल गई' व 'कभऊं तो सयानी हुई हो धीरज धरौ' सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। गीत 'जब हतौ नहीं तुमाए घरै खबावै कौ, तब काए गए थे लुवावै कौ' सुनकर श्रोता लोटपोट हो गए। मेला प्रांगण में आयोजित बुंदेलखंडी लोकगीतों के कार्यक्रम में ढोलक कोमल कुशवाहा, हरमोनिया हर्षित, बैंजो पैड के माध्यम संजय ने लोकगीतों के आनंद को बड़ाया। इस मौके पर मलखान दोहरे, रवि कुशवाहा, जयकरन, विकास श्रीवास्तव, जयकरन, हर्षित श्रीवास्तव, कन्हैया, कमलेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मोदी ने ट्रंप के मागा की तर्ज पर दिया मीगा का मंत्र

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त संवाददाता स मेलन के दौरान कीं टिप्पणियां



एजेंसी

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चर्चित कथन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) की तर्ज पर 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (मीगा) का मंत्र दिया और कहा कि ये दोनों दृष्टिकोण मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' (विशाल) साझेदारी बनाते हैं तथा द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले हैं।

उन्होंने ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त संवाददाता स मेलन के दौरान कीं। दोनों नेताओं ने यहां रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने को लेकर मु य रूप से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदर्श वाक्य, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (अमेरिका को फिर से महान बनाएं) यानी 'मागा' से सब परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की राह पर 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहे हैं।'उन्होंने कहा, ''अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (भारत को फिर से महान बनाएं) यानी 'मीगा' है। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं, यानी मागा और मीगा मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' (विशाल) साझेदारी बनती है तथा यह ''मेगा'' भावना हमारे लक्ष्यों को नया आकार और दायरा प्रदान करती है।'जब दोनों नेताओं ने व्यापक द्विपक्षीय वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित किया तो मोदी ने ट्रंप की उपस्थिति में 'मीगा' का उल्लेख किया। ओवल कार्यालय में अपनी मुलाकात के दौरान ट्रंप ने हाथ मिलाकर और गले लगाकर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा, ''हमने आपको बहुत याद किया।'उन्होंने मोदी को ''एक शानदार दोस्त'' और ''एक अद्भुत व्यक्ति'' भी कहा।

### उ मीद है कि भारतीय प्रवासियों से व्यवहार को लेकर ट्रंप से विरोध जताया होगा:थरूर



**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को उ मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह बताया होगा कि भारतीय प्रवासियों को बेड़ियों में जकड़कर निर्वासित करना सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के संयुक्त संवाददाता स मेलन से पता चलता है कि दोनों नेताओं के बीच अच्छी मुलाकात हुई। ट्रंप ने भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी की। इस दौरान दोनों ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने 'इन्वेस्ट कर्नाटक' शिखर स मेलन के मौके पर 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''मुझे उ मीद है कि बंद दरवाजों के पीछे उन्होंने (मोदी) अमेरिकियों से कहा होगा कि 'आप हमारे लोगों का अपमान नहीं कर सकते। आप उन्हें वापस भेज सकते हैं, वे अवैध हैं, हम उनका खयाल करेंगे, वे हमारे देश से हैं, लेकिन उन्हें बेड़ियों और हथकड़ियों में सैन्य विमान से वापस न भेजें... यह सही नहीं है'...।'तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने कहा, ''मुझे उ मीद है कि उन्होंने (मोदी) इसे बंद दरवाजे के पीछे कहा है। हम नहीं जानते।'अमेरिका का एक सैन्य विमान इस महीने की शुरुआत में अमेरिका में '' गैर कानूनी रूप से रह रहे'' 104 भारतीयों को वापस लाया था। निर्वासित लोगों ने दावा किया था कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ और पैर बंधे हुए थे और अमृतसर में उतरने के बाद ही उन्हें बेड़ियों से मुक्त किया गया था।

### क्या अब मणिपुर जाने और लोगों से माफी मांगने का साहस करेंगे प्रधानमंत्री: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया क्योंकि कोई भी विधायक भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब मणिपुर का दौरा करने और वहां के लोगों से माफी मांगने का साहस दिखा पाएंगे? मु यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के चार दिन बाद बृहस्पतिवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ﬁनरेन्द्र मोदी जी, आपकी पार्टी ही 11 साल से केंद्र में शासन कर रही है। यह आपकी पार्टी है जो आठ साल तक मणिपुर पर भी शासन कर रही थी। यह भाजपा ही है जो राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जि मेदार थी। उन्होंने कहा, ﬁयह आपकी सरकार है जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर गश्ती की जि मेदारी है। आपके द्वारा राष्ट्रपति शासन लगाना, अपनी ही पार्टी की सरकार को निलंबित करना इस बात की सीधी स्वीकारोक्ति है कि आपने मणिपुर के लोगों को निराश किया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शासन इसलिए नहीं लगाया क्योंकि वह ऐसा चाहते थे, बल्कि इसलिए लगाया क्योंकि राज्य में संवैधानिक संकट है तथा आपका कोई भी विधायक आपकी अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि आपके 'डबल इंजन' ने मणिपुर की निर्दोष जनता की जिंदगियों को रौंद दिया।अब समय आ गया है कि आप मणिपुर में कदम रखें और पीड़ित लोगों के दर्द और पीड़ा को सुनें और उनसे माफी मांगें।

## न्यूज डायरी

### अब मैं कांग्रेस पार्टी के लिए काम नहीं करूंगा: फैजल पटेल

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के दिवंगत नेता अहमद पटेल के बेटे फैजल पटेल ने कांग्रेस के लिए काम करना बंद करने की घोषणा की है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलने की कोशिश की, लेकिन हर कदम पर उन्हें ऐसा करने से रोका गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव, राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके अहमद पटेल का नवंबर 2020 में निधन हो गया। फैजल पिछले साल लोकसभा चुनाव में गुजरात की भरूच सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें उ मीदवार नहीं बनाया। फैजल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर घोषणा की, ''बहुत दुख और पीड़ा के साथ मैंने कांग्रेस के लिए काम करना बंद करने का फैसला किया है। यह कई सालों तक एक कठिन यात्रा रही है। मेरे दिवंगत पिता ने अपना पूरा जीवन देश, पार्टी और गांधी परिवार के लिए काम करते हुए लगा दिया।'उन्होंने कहा, ''मैंने उनके पदचिन्हों पर चलने की कोशिश की, लेकिन हर कदम पर मुझे रोका गया। मैं मानवता के लिए हर संभव तरीके से काम करना जारी रखूंगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा की तरह मेरा परिवार रहेगी। मैं कांग्रेस के सभी नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया।' अहमद पटेल आदर्श संगठनात्मक व्यक्ति थे और उन्हें एक प्रभावी संकटमोचक माना जाता था। फैजल के मुताबिक, 2020 में अहमद पटेल के निधन के बाद उन्होंने भरूच में अपने पिता की विरासत पर दावा करने की काफी कोशिश की लेकिन पार्टी ने ऐसा नहीं होने दिया।

### ब्रिटेन ने टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को मानद 'नाइटहुड' की उपाधि प्रदान की

**नई दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में उनकी सेवाओं के लिए ब्रिटेन द्वारा मानद 'नाइटहुड' से स मानित किया गया है। टाटा समूह ने शुक्रवार को बताया कि चंद्रशेखरन को 'ब्रिटिश साम्राज्य का सबसे उत्कृष्ट आदेश (नागरिक खंड) - मानद डीबीई/केबीई' (योद्धा या डेम कमांडर) से स मानित किया गया है। समूह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि चंद्रशेखरन को 'ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में योगदान के लिए राजा चार्ल्स द्वारा मानद नाइटहुड की उपाधि' प्रदान की गई। इस स मान पर चंद्रशेखरन ने कहा, ﬁटाटा समूह को इस बात पर गर्व है कि उसने प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता, होटल, इस्पात, रसायन और वाहन क्षेत्रों में ब्रिटेन के साथ इतना मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखा है। उन्होंने कहा, ﬁहमें जगुआर लैंड रोवर और टेटली जैसे अपने प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांड पर गर्व है। हम ब्रिटेन में 70,000 से अधिक लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

### नए मु यमंत्री का चयन करने में भाजपा के भीतर मतभेद से राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा: कांग्रेस

**इंफाल।** कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष केशम मेघचंद्र ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर नेतृत्व संकट और मु यमंत्री पद के उ मीदवार पर आम सहमति न बन पाने के कारण राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा। मेघचंद्र ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने हिंसाग्रस्त राज्य की जमीनी स्थिति को ''आखिरकार समझना शुरू कर दिया है।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मु यमंत्री के इस्तीफे के बाद नेतृत्व संकट और भाजपा के भीतर (नए मु यमंत्री के चयन पर) मतभेद के कारण राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा।'मु यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पद से इस्तीफा देने के कुछ दिन बाद बृहस्पतिवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया और विधानसभा को निलंबित कर दिया गया। मेघचंद्र ने कहा, ''अब पूरी जि मेदारी प्रधानमंत्री पर है... उ मीद है कि (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी अब सरकार की कार्य के प्रति निष्क्रियता पर गौर करेंगे और राज्य में संकट का समाधान करना शुरू करेंगे।' उन्होंने कहा कि मणिपुर की क्षेत्रीय और प्रशासनिक अखंडता की रक्षा का दायित्व केंद्र सरकार पर है।

### 'द्विपक्षीय सहयोग से तीसरे पक्ष को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए'

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैठक पर सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए बीजिंग ने शुक्रवार को कहा कि द्विपक्षीय सहयोग में चीन को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए और इससे किसी तीसरे देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मोदी और ट्रंप की मुलाकात पर कहा कि एशिया-प्रशांत शांतिपूर्ण विकास का केंद्र है, न कि भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का क्षेत्र। मोदी और ट्रंप के बीच हुई वार्ता में रक्षा सहयोग को मजबूत करने के अलावा अमेरिका और भारत के बीच घनिष्ठ साझेदारी को स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गुओ ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन का मानना है कि देशों के बीच संबंधों और सहयोग में चीन को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए या अन्य के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए तथा यह शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अनुकूल होना चाहिए।

## राष्ट्रपति से 'आप' नेता जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राष्ट्रपति से मंजूरी देने का अनुरोध किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।


उन्होंने बताया कि जैन (60) के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया गया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और ''पर्याप्त सबूत'' की मौजूदगी के आधार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह अनुरोध किया है। संघीय एजेंसी ने जैन पर हवाला सौदों से जुड़े धन शोधन के आरोप में मामला दर्ज किया और मई 2022 में उन्हें गिर तार कर लिया। ईडी ने जब जैन को हिरासत में लिया, उस वक्त उनके पास स्वास्थ्य, ऊर्जा और कुछ अन्य विभाग का प्रभार था। जैन फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर हैं और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। धन शोधन का मामला अगस्त 2017 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जैन और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा हुआ है। सीबीआई ने दिसंबर 2018 में आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें कहा गया था कि आय से कथित तौर पर अधिक संपत्ति 1.47 करोड़ रुपये की थी, जो 2015-17 के दौरान जैन की आय के ज्ञात स्रोतों से लगभग 217 प्रतिशत अधिक थी। ईडी ने इससे पहले कहा था कि उसकी जांच में पता चला कि 2015-16 के दौरान सत्येंद्र जैन एक लोक सेवक थे और उनकी चार कंपनियों (जिनका स्वामित्व और नियंत्रण उनके पास था) ने हवाला के जरिए 4.81 करोड़ रुपये प्राप्त किए, जो मुखौटा कंपनियां थीं।

## इसरो ने ठोस मोटरों के लिए 10 टन का प्रणोदक मिक्सर विकसित किया

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ठोस मोटरों के लिए 10 टन का प्रणोदक मिक्सर विकसित कर लिया है। इसरो ने एक बयान में कहा कि ठोस प्रणोदन भारतीय अंतरिक्ष परिवहन प्रणालियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 'वर्टिकल मिक्सर' ठोस मोटर उत्पादन में महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है। बयान में कहा गया है, ''ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर्स की रीढ़ हैं और उनके उत्पादन के लिए अत्यधिक संवेदनशील और खतरनाक अवयवों के सटीक मिश्रण की आवश्यकता होती है।'अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि ठोस मोटर खंडों के उत्पादन के स्तर को बढ़ाने की दिशा में, श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ने केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान बेंगलुरु के सहयोग से ठोस प्रणोदकों के प्रसंस्करण के लिए 10 टन के 'वर्टिकल प्लैनेटरी मिक्सर' को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है।

## भारत के मध्यकाल में समुद्र की उपेक्षा की गई जिससे भारी नुकसान हुआ: रामनाथ कोविंद

कहा, 'यूरोपीय उपनिवेशवाद के कारण भारत की समुद्री पहचान पूरी तरह से खत्म हो गई



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत के मध्यकाल में ऐतिहासिक परिस्थितियों के कारण ''समुद्र की उपेक्षा की गई जिससे देश की नौसैन्य ताकत के फीकी पड़ने से ''भारी नुकसान'' हुआ।

उन्होंने यहां मानेकशॉ सेंटर में ''थिंक टैंक'' नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन (एनएमएफ) द्वारा आयोजित एक व्या यान में कहा कि हालांकि, समुद्र ताकत के नजरिये से इस ''अंधकार युग'' के दौरान भी देश की समुद्री विरासत पूरी तरह नष्ट नहीं हुई। अपने संबोधन में उन्होंने मराठा शासकों की विरासत और उनकी नौसैन्य शक्ति तथा भारत पर औपनिवेशिक शासन के प्रभाव को भी रेखांकित किया। कोविंद ने अफसोस जताते हुए कहा, ''यूरोपीय उपनिवेशवाद के कारण भारत की समुद्री पहचान पूरी तरह से खत्म हो गई। उपनिवेशवादियों ने भारत की समुद्री ताकत का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए किया, उन्होंने समुद्री बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल विकास के बजाय संसाधन के दोहन के लिए किया।'पूर्व राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में भारतीय नौसेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ''एक तटीय रक्षा बल से समुद्री नौसेना में विकसित हो गई है।'' उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन के पीछे ''हमारी समुद्री विरासत को पुनः प्राप्त करने के लिए समर्पित कई कर्मयोगियों के प्रयास हैं।' पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ''भारत की समुद्री विरासत समुद्र के साथ उसके दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण है, जिसमें व्यापार, संस्कृति और नौसैन्य कौशल शामिल हैं। इस समृद्ध विरासत ने हमारे देश के इतिहास और व्यापक विश्व के साथ उसके संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है।' कोविंद ने कहा कि भारत की समुद्री गतिविधियों की जड़ें करीब 5,000 साल पुरानी हैं और सिंधु घाटी स यता से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी तटीय विरासत ने हमारी स यता, सामाजिक संस्कृति और आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दृष्टि से यह विश्वास करना कठिन है कि हमारे मध्यकाल में समुद्र की उपेक्षा की गई।'

## यूक्रेन ने रूस पर लगाया चर्नोबिल रिएक्टर के सुरक्षा आवरण को निशाना बनाने का आरोप, रूस ने नकारा

कहा, परमाणु बुनियादी ढांचे, परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमला करने जैसी कोई बात ही नहीं

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि उच्च विस्फोटकों से लैस एक रूसी ड्रोन ने रात के समय कीव स्थित चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहरी सुरक्षात्मक आवरण पर हमला किया। जेलेंस्की और संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी ने कहा कि हालांकि हमले से विकिरण का स्तर नहीं बढ़ा है।

वहीं रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को यूक्रेन के दावे नकार दिया। पेस्कोव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, '' परमाणु बुनियादी ढांचे, परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमला करने जैसी कोई बात ही नहीं है, ऐसा कोई भी दावा सच नहीं है। हमारी सेना ऐसा नहीं करती।'उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने हमले का दावा इसलिए किया क्योंकि वे वार्ता के माध्यम से युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को विफल करना चाहते थे। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शांति समझौता करने को कहा है। पेस्कोव ने कहा, '' यह स्पष्ट है कि ऐसे लोग हैं (यूक्रेनी सरकार में) जो बातचीत की प्रक्रिया के किसी भी प्रयास का विरोध करना जारी रखेंगे और यह भी स्पष्ट है कि वे लोग इस प्रक्रिया को पटरी से उतारने की हर संभव कोशिश करेंगे।'उधर संयुक्त राष्ट्र परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने हमले के लिए किसी को जि मेदार नहीं ठहराया, हालांकि कहा कि घटनास्थल पर तैनात उसकी टीम ने विस्फोट की आवाज सुनी तथा उन्हें बताया गया कि एक ड्रोन ने बम गिराया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि ड्रोन हमले से सुरक्षा आवरण को नुकसान पहुंचा और वहां आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया है। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यह कहे जाने के दो दिन बाद हुआ कि वह युद्ध समाप्त कराने के लिए बातचीत के वास्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। ट्रंप के इस बयान से ऐसा संकेत मिलता है कि मानो पुतिन ही महत्वपूर्ण हैं और किसी भी शांति वार्ता में जेलेंस्की के साथ-साथ यूरोपीय सरकारों को भी दरकिनार किया जा सकता है।



## आतिशी का दावा: विभागों के बंटवारे को लेकर भाजपा में आंतरिक खींचतान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की निवर्तमान मु यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों में विभागों के आवंटन को लेकर ''आंतरिक खींचतान'' मची है। आतिशी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा नेता सार्वजनिक धन के लालच में मंत्री पद को लेकर ''झगड़'' रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का अपने चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। आतिशी ने कहा, ''हमें अपने सूत्रों से पता चला है कि भाजपा वादे पूरे करने में विफल रहने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को दोषी ठहराने की योजना बना रही है। वे दावा करेंगे कि दिल्ली सरकार के पास पिछली आप सरकार के कारण पैसा नहीं है।'उन्होंने 'आप' सरकार के वित्तीय 'ट्रैक रिकॉर्ड' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्ली का बजट 2014-15 में 31,000 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 77,000 करोड़ रुपये हो गया है। आतिशी ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में दिल्ली का बजट 2.5 गुना बढ़ गया है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार से विरासत में मिले कर्ज को भी चुका दिया है।' उन्होंने मांग की कि भाजपा बिना किसी देरी के अपने सभी वादों को लागू करे विशेष रूप से महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा। भाजपा ने अभी तक अपने मु यमंत्री और मंत्रिपरिषद की घोषणा नहीं की है।



## अदालतें विधायिका को विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं: सुप्रीम कोर्ट

पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका का अपने आदेश में निस्तारण कर दिया था। पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा, ''संसद ने हर पहलू पर विचार करने के बाद एक नया अधिनियम बनाया है। रिट अधिकार क्षेत्र में, न तो उच्च न्यायालय और न ही उच्चतम न्यायालय विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश दे सकता है।'जनहित याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोपपत्र की प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराएं। केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 230 का हवाला देते हुए कहा कि याचिका निरर्थक है। केंद्र के वकील ने कहा कि धारा 230 के अनुसार, किसी भी मामले में जहां पुलिस रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही शुरू की गई हो, मजिस्ट्रेट को आरोपी और पीड़ित को पुलिस रिपोर्ट और प्राथमिकी सहित दस्तावेजों की प्रति निःशुल्क उपलब्ध करानी चाहिए। याचिका में सभी जिला अदालतों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे संज्ञान लेते समय शिकायतकर्ताओं या पीड़ितों को नोटिस जारी करें ताकि वे सुनवाई कराने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें और सुनवाई-पूर्व आपराधिक कार्यवाही में भाग ले सकें। शीर्ष अदालत के फैसले और दंड प्रक्रिया संहिता में संशोधन का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि पीड़ित या शिकायतकर्ता को पर्याप्त अधिकार दिए गए हैं, ताकि वे इच्छुक होने पर सुनवाई पूर्व और सुनवाई की कार्यवाही में प्रभावी रूप से भाग ले सकें। इसने दिल्ली उच्च न्यायालय के नियमों का भी हवाला दिया और कहा कि यह स्पष्ट है कि आपराधिक मामले में पक्षकार अर्जी देकर मामले के रिकॉर्ड की प्रतियां प्राप्त करने का हकदार है।



# बिजनेस प्लस

## रुपया 12 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.81 पर बंद

एजेंसी

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में तेजी जारी रही और यह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे की बढ़त के साथ 86.81 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत बिकवाली ने रुपये की तेज बढ़त पर अंकुश लगाया। साथ ही, उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के अब एक अप्रैल से जवाबी शुल्क लागू करने की घोषणा के बाद डॉलर में तीव्र तेजी थमी है। इससे उसके व्यापारिक भागीदारों को कुछ राहत मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.86 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.79 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसने 86.90 प्रति डॉलर के नि न स्तर को भी छुआ और सत्र के अंत में डॉलर के मुकाबले 86.81 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो अपने पिछले बंद से 12 पैसे की तेजी दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 86.93 पर लगभग स्थिर रहा था।

## गिरावट — सेंसेक्स गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ

## शेयर बाजार में 8वें दिन भी गिरावट जारी

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और नि टी में शुक्रवार को लगातार 8वें दिन गिरावट जारी रही।

बाजार में कारोबार की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ हुई, लेकिन जल्द ही शुरुआती बढ़त खत्म हो गई। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 199.76 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 699.33 अंक या 0.91 प्रतिशत गिरकर 75,439.64 पर आ गया था। एनएसई नि टी 102.15 अंक यानी 0.44 प्रतिशत गिरकर 22,929.25 पर बंद हुआ। आठ कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,644.6 अंक यानी 3.36 प्रतिशत और नि टी 810 अंक यानी 3.41 प्रतिशत टूट चुका है। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी और टाटा स्टील भी नुकसान में रहे। दूसरी ओर नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक लाभ में रहे। कंपनियों की कमजोर आय के कारण निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की भावना हावी होती जा रही है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में गिरावट और शुल्क जैसे बाहरी कारकों से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है।



## कम पैदावार से 2024-25 सत्र में कपास उत्पादन पर असर पड़ेगा: सीएआई

एजेंसी

**मुंबई।** कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात और उत्तरी क्षेत्र में कम पैदावार के कारण चालू सत्र (2024-25) में कुल कपास उत्पादन घटकर 301.75 लाख गांठ रहने का अनुमान है। सीएआई के आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 के पूर्ववर्ती सत्र के दौरान कपास का उत्पादन 327.45 लाख गांठ था। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गनात्रा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' कम पैदावार के कारण कुल उत्पादन पर असर पड़ने के आसार हैं। हमारे अनुमान गुजरात, पंजाब और हरियाणा में कपास की कम पैदावार की रिपोर्ट पर आधारित हैं। हालांकि, कपास की गुणवत्ता बहुत अच्छी रहेगी।'इस बीच, जनवरी 2025 के अंत तक कुल कपास आपूर्ति 234.26 लाख गांठ रहने का अनुमान है। इसमें 188.07 लाख गांठ की ताजा पेराई, 16 लाख गांठ का आयात और सत्र की शुरुआत में 30.19 लाख गांठ का शुरुआती भंडार शामिल है। इसके अलावा, सीएआई ने जनवरी 2025 के अंत तक कपास की खपत 114.00 लाख गांठ और निर्यात 8.00 लाख गांठ होने का अनुमान लगाया है।

CMYK

# आतंकवाद व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप-दुनियाँ को नई लीडरशिप

## आतंक के पनाहगार पर भारत अमेरिका की संयुक्त बयान स्ट्राइक से तिलमिलाए व पड़ोसी मुल्क

**भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से एक और एक ग्यारह बनकर लड़ने की घोषणा से पड़ोसी विस्तारवादी देशों में खलबली- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत के लिए विरोध का स्वर निकालने वाले देशों में मोदी की वाशिंगटन यात्रा व ट्रंप के साथ शानदार केमिस्ट्री, दोस्ती व अनेक समझौते एफ 35 विमान की पेशकश व आतंकवाद पर संयुक्त बयान से खासकर पड़ोसी व विस्तारवादी देश तिलमिला से गए हैं व ताबडतोप पाक के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने तिलमिलाकर कहा कि पाक के बलिदान को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों से हैरान है, तो वहीं ट्रंप ने 26/11 मुंबई हमले के तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यापित करने की घोषणा कर दी। बता दें,वैसे तो भारत सहित समूचा विश्व आतंकवाद नामक मानवजनित त्रासदी से पीड़ित हैं, तथापि भारत बहुत लम्बे समय से आतंकवाद का शिकार होता रहा है। भारतीय राज्यों में प्रमुखता से जम्मू एवं कश्मीर,महाराष्ट्र,दिल्ली,पंजाब व उत्तर प्रदेश आसाम शहर अनेक राज्य आतंकवाद से त्रस्त रहा है।आतंकवाद भारतीय उपमहाद्वीप का सर्वप्रमुख विकास अवरूद्ध करने वाला समस्या सिद्ध हुआ है जो समय समय पर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहा है,और जान माल की अत्यधिक क्षति आतंकवादी घटनाओं से ही अब तक हुआ है, चाहे वह मुम्बई बम ब्लास्ट की घटना हो या बनारस संकट मोचन,रेलवे स्टेशन की आतंकी घटना या फिर दिल्ली की घटना हो या जम्मू कश्मीर पुलवामा अटैक संसद पर हमला या फिर 26/11 का हमला सभी में असंख्य जाने गई है। जो क्षेत्र आज आतंकवादी गतिविधियों से लम्बे समय से जुड़े हुए हैं उनमें जम्मू- कश्मीर, मुंबई, मध्य भारत (नक्सलवाद) और आठ बहन राज्य (उत्तर पूर्व के आठ राज्य) (स्वतंत्रता और स्वायत्तता के मामले में) शामिल हैं। अतीत में पंजाब में पनपे उग्रवाद में आंतकवादी गतिविधियां शामिल हो गयीं जो भारत देश के पंजाब राज्य और देश की राजधानी दिल्ली तक फैली हुई थीं, जो अब धीरे-धीरे पकड़ में आ रही है व समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। चूँकि भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से एक और एक ग्यारह बनकर लड़ने की घोषणा व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप, दुनियाँ को नई लीडरशिप! साथियों बात अगरहम वॉशिंगटन डीसी में मोदी ट्रंप के जॉइंट स्टेटमेंट की करें तो,उसमें कहा गया है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ निश्चित ही लड़ाई लड़ी जानी चाहिए और आतंकवादियों को पनाह देने वाले ठिकानों को पूरी दुनियाँ से खत्म किया जाना चाहिए,इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने ग्लोबल टेररिज्म के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और पाकिस्तान से 26/11 मुंबई और पठानकोट हमलों के अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया।ज्वाइंट स्टेटमेंट में नाम लेकर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए ना करे द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया, जो आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और नागरिकों की मजबूत भागीदारी पर आधारित होगा। इसके अलावा ज्वाइंट स्टेटमेंटमें अलकायदा, आईएसआई जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों की तरफ से आने वाले खतरों के खिलाफ सामूहिक तौर पर लड़ने को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने डिफेंस, ट्रेड, एनर्जी सिक्योरिटी, टेक्नोलॉजी और लोगों के बीच सहयोग के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला है। ज्वाइंट स्टेटमेंट में नेताओं ने इस बात पर फिर से जोर दिया है, कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिससे सामूहिक तौर पर लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने 26/11 को मुंबई में हुए हमलों और 26 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान में एबी गेट बम विस्फोट जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए अल-कायदा, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों से आतंकवादी खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा अमेरिका ने घोषणा की कि तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। दोनों नेताओं की इस बहुप्रतीक्षित मुलाकात में मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकताओं में एक तहव्वुर राणा को भारत लाने, खालिस्तान समर्थक गतिविधियों पर रोक लगाने, गैर-कानूनी तौर पर भारतीयों की अमेरिका में घुसपैठ कराने वाले लोगों के खिलाफ साझानिर्णायक कार्रवाई करने, रक्षा क्षेत्र में अगले दस वर्षों के लिए सहयोग का रोडमैप बनाने, भारत को अत्याधुनिक एफ-35 युद्धक विमान बेचने, अमेरिका से ज्यादा तेल व गैस की खरीद करने, मिल कर परमाणु ऊर्जा के छोटे व बड़े रिएक्टरों का निर्माण करने को लेकर सहमति बनी है। साथियों बात अगर हम मोदी ट्रंप द्वारा जॉइंट स्टेटमेंट में आतंकवाद पर एक और एक ग्यारह होकर लड़ने की करें तो ट्रंप ने इस्लामिक आतंकवाद के मुद्दे पर भारत को एक अहम साझेदार बताया। संयुक्त बयान में अल-कायद व आइसिस के साथ भारत के लिए खास तौर पर खतरा बने पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठनों जैश-ए- मोहम्मद और लश्कर ए तैयबा के खतरों को लेकर सहयोग की प्रतिबद्धता जताई गई है और पाकिस्तान से कहा गया है कि वह मुंबई आतंकी हमले, पठानकोट हमले के दोषियों के खिलाफ शीघ्रता से कार्रवाई करे और यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद के लिए ना हो।आतंकवाद के संदर्भ में भारत ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से मिली मंजूरी पर गहरा संतोष जताया है। भारत पिछले कई वर्षों से इस बारे में अमेरिका से बात कर रहा था। डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना चेतावनी भरा एक संकेत दिया है. डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि, इस साल की शुरूआत से ही अमेरिका ने भारत के साथ अरबों डॉलर की सैन्य खरीद बढ़ा दी है।ट्रंप ने आगे कहा कि, अमेरिका और भारत विश्व के लिए खतरा बन रहे कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद का सामना करने के लिए पहले की तरह मिलकर काम करते रहेंगे।मोदी और ट्रंप की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने चीन को लेकर भी सवाल पूछे, ट्रंप ने चीन के साथ संबंधों को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए चीन हमारे लिए महत्वपूर्ण देश है।ट्रंप ने कहा कि, उन्हें लगता है कि चीन के साथ रिश्ते बेहतर हो जाएंगे, उन्होंने आगे कहा कि, कोरोना के आने से पहले तक भी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी अच्छी दोस्ती थी। रूस और यूक्रेन का युद्ध शांत कराने में चीन काफी मददगार हो सकता है।वहीं डोनाल्ड से जब पूछा गया कि, अगर आप भारत के साथ कारोबार को लेकर इस तरह की सख्ती दिखाते रहेंगे? तो चीन को कैसे मात दे पाएंगे? इस पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम किसी को भी मात दे सकते हैं लेकिन हमारा इरादा किसी को मात देने का नहीं है. हम सही दिशा में काम कर रहे हैं और अच्छा काम कर रहे हैं। साथियों बात अगर हम पाकिस्तान द्वारा भारत अमेरिका के ज्वाइंट एक्शन के रिएक्शन की करें तो,आतंकवाद पर मोदी और ट्रंप की फटकार के बाद पाकिस्तान फड़फड़ाने लगा है। पाक विदेश मंत्रालय ने भारत और अमेरिका के ज्वॉइंट स्टेटमेंट को एक तरफा,भ्रामक और राजनयिक मानदंडों के विपरीत बताया है। पाक ने हैरानी जताते हुए कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ उसके प्रयासों और बलिदानों को नजरअंदाज किया गया है। आंतकवाद के खिलाफ अमेरिका के साथ मिलकर किए गए पाकिस्तान के प्रयासों को नजरअंदाज कर दिया।पाक विदेश मंत्रालय के शुक्रवार (14 फरवरी, 2025) को प्रेस ब्रीफिंग में भारत और अमेरिका के ज्वॉइंट स्टेटमेंट पर बयान जारी किया है। उन्होंने उलटा भारत पर आंतकवाद को स्पोंसर करने के आरोप लगाए और कहा कि इस तरह के बयानों से कुछ होने वाला नहीं है, भारत के आतंकवाद को समर्थन को छिपाया नहीं जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीर में तनाव और अस्थिरता को खत्म करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का भारत की ओर से अनुपालन नहीं किए जाने की समस्या को बयान में संबोधित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई और प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है।







## दिल्ली का मुख्य मंत्री कौन

# दिल्ली चुनाव में आप को अंहकार ले डुबी



विनोद कुमार सिंह,स्वतंत्र पत्रकार देश की राजधानी दिल्ली में इन दिनों बंसत की बहती ब्यार के संग सता के सिंघासन पर कौन,दिल्ली का नया मुख्य मंत्री कौन होगा,इस पर चर्चा , चिन्तन व चिंताए दिखने लगी है। जैसा कि आप को मालुम है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव सम्पन्न व परिणाम भी हफ्ते बीत गए है। दिल्ली की जनता अपने नए मुख्य मंत्री का स्वागत करने का तत्पर है। लेकिन 48 सीट पर विजयश्री का सेहरा पहनें के बाद भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली की जनता को उनका मुख्य मंत्री देने में लाचार दिख रही है।8 फरवरी को दिल्ली विधान सभा के नतीजे आए।हालॉकि मुख्य मंत्री के नाम का ऐलान कभी भी हो जाएगा।नए सीएम के नाम की घोषणा में देरी की वजह प्रधानमंत्री मोदी का देश से बाहर होना था।ये बातें हम सब जानते हैं।सी०एम० पद के दावेदारों के रूप में कई नाम पर कयास लगाये जा रहे है।रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली के नए मुख्यहो सकते हैं।श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के स्टूडेंट रहे विजेंद्र गुप्ता धीर गंभीर इंसान हैं। दिल्ली के मसलों को खूब जानते हैं।तीन बार नगर निगम पार्षद और चौथी बार विधायक बने हैं।वही जनकपुरी से विधायक आशीष सूद के नाम की भी चर्चा है।डेसू के अध्यक्ष रहे हैं। कुछ लोगों के अनुसार प्रवेश वर्मा सी एम बनाए जायेंग या उन्हें कैबिनेट में शामिल किए जा सकते हैं। दिल्ली की कैबिनेट में राजौरी के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा को भी लिया जा सकता है। जंगपुरा से विधायक मारवाह या गांधी नगर वाले लवली के कैबिनेट में जगह बनाने की उम्मीद कम है।इसके पीछे उनका मूलतः कांग्रेसी होना है।जीके से विधायिका शिखा राय को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। वो भी पंजाबी हैं।कैलाश गहलोत को नई कैबिनेट में कोई खास विभाग मिलना निश्चित है।वो केजरीवाल सरकार में ट्रांसपोर्ट मंत्री थे।समझदार नेता हैं।जाट समाज से आते हैं।अगर मुस्तफाबाद से विधायक बने मोहन सिंह बिष्ट को विधान सभा का स्पीकर बनाया जा सकता है। वो भी लगातार विधायक बन रहे हैं।खैर ! वही राजनीति के पांडितयों के मध्य इन दोनों अरविन्द केजरीवाल व उनकी पार्टी आप की हार पर गहन अध्ययन व विवेचन किया जा रहा है। मै आप को बता दूँ कि भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अन्ना हजारे के आन्दोलन का अबलम्बन ले कर जिस तरह आम आदमी के आशा व उम्मींद की नई किरण के साथ अरविन्द केजरीवाल ना केवल आया बल्कि अपने पार्टी का भी आम आदमी पार्टी रखा।जिस पर दिल्ली की भोली जनता ने दिल्ली सरकार के सता ना केवल तीन बारे के शीला दीक्षित को बाहर निकाल फेक कर अरविन्द केजरीवाल की सता पर आसीन किया।केजरीवाल के तीन बार मुख्यमंत्री बने रहें।भाग्य की विडम्बना देखिए जिस भष्ट्राचार , अपराध मुक्त विरोध में बुलन्द आवाज झण्डा चलते है।अंत स्वयं वे व उनकी आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता जेल चले गए,बाद में जेल से जमानत पर है।जहाँ तक इस बार दिल्ली विधान सभा का प्रशन है।तो मै स्पष्ट कर दूँ कि कुछ महीने पुर्व से ही केजरीवाल व उनकी पार्टी के खिलाफ माहौल चल रहा था।चुनाव आते आते ह्यकट्टर ईमानदारह्ण केजरीवाल के कल तक जो कट्टर समर्थक थे और इसके जबरदस्त विरोधी हो गये थे।ठीक वैसे ही जैसे पाँच वर्ष पूर्व पहले से ही दबी जुबान में भी डंका केजरीवाल का ही बोल रहा था।दिल्ली की जनता जर्नादन का संदेश साफ साफ था कि केजरीवाल जी तुम्हारीह्यगुमराहगीरी अब नहीं चलेगी।तुम अपने झूठ के सहारे एक बार नही बल्कि दो दो बार सता पा सकते हैं लेकिन बार बार नहीं,दिल्ली की जनता अब समझ चुकी थी कि अरविन्द केजरीवाल अपने विरोधी भाजपा व कॉंग्रेस पर जो आरोपों के सहारे तस्वीर बना रहे हैं।उनसे उनकी व आप की हार की लहर इन तस्वीरों में झलक रही थी।अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी की हार पर निश्चित तौर पर भाजपाई में खुशी है कि भारतीय राजनीति में केजरीवाल की मौकापरस्त व उनकी मूल्यविहीन राजनीति की हार है। उनका कहना है कि जिस अन्ना आंदोलन से लेकर अरविंद केजरीवाल ने अपना राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। सर्वविदित रहे कि अन्ना आंदोलन में सबसे पहले मंच पर भारत माता की बड़ी तस्वीर लगाई गई थी।लेकिन केजरीवाल और कंपनी ने जब देखा कि उससे इतना ज्यादा आकर्षण नहीं आ रहा है तो तुरंत उन्होंने अन्ना हजारे के पीछे महात्मा गांधी का बड़ा चित्र लगा दिया।परिणान स्वरूप अरविंद केजरीवाल रातों-रात त्याग तपस्या की मूर्ति व ईमानदारी का चोला ओढ़कर सबसे बड़े गाँधीवादी बन गए।कई बार उन्होंने राजघाट पर बापू की समाधि पर मौन व्रत और शांतिपूर्ण धरना भी दिया।लेकिन पहला मौका पाते ही उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यालय और फिर पंजाब में बनी सरकार के मुख्यमंत्री के कार्यालय से भी महात्मा धी की तस्वीर गायब कर दी।केजरीवाल की मौका परस्ती का यह बहुत बड़ा उदाहरण है। यहाँ पर मै स्पष्ट कर दूँ कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ( आरएसएस )हमेशा से गाँधी की विचारधारा का विरोधी रहा है लेकिन आरएसएस की पार्टी भाजपा के नेताओं ने भी कभी महात्मा गांधी की तस्वीर हटाने की हिम्मत नहीं की। जहाँ तक दिल्ली के मुसलमान के प्रशन है,तो दिल्ली के मुस्लीम मतदाताओं ने तीन चुनाव से आम आदमी पार्टी को वोट दे रहा है लेकिन शाहीनबाग में महिलाओं के धरने प्रदर्शन में मुख्यमंत्री केजरीवाल या उनका कोई व्यक्ति नहीं गया।दिल्ली के दंगों में उनकी भूमिका मुस्लिम विरोधी रही।सी ए ए(उअअ)व एन आर सी(ठफ्ळ)के मुद्दे पर वे खामोश रहे।भारत के इतिहास में जब पहली बार कश्मीर के रूप में किसी राज्य का पूर्ण राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया तो केजरीवाल ने सबसे पहले उसका स्वागत किया। तो सोचना पड़ता है कि अगरभाजपा की जगह केजरीवाल जीत जाते तो आखिर भारत के संवैधानिक धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कोई फायदा होने वाला तो नहीं था। दबी जुबान से राजनीति पण्डितओं का मानना है कि अरविन्द केजरीवाल व आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव में आप को अंहकार ले डुबी जहाँ तक मत के प्रतिशत का सवाल है तो दिल्ली कांग्रेस पार्टी ने अच्छा ही किया जो अपने दम पर चुनाव लड़ा 6.4 % से अधिक वोट पाए वहीकेजरीवाल की पार्टी करीब 2.4 प्रतिशत वोट से भाजपा से हार गई। उनका मानना है कि दिल्ली, पंजाब, गोवा, गुजरात, हरियाणा व उत्तराखंड में केजरीवाल व उनकी पार्टी ने कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाया।इतना नुकसान खाने के बाद कम से कम कांग्रेस की यह नैतिक या रणनीतिक जिम्मेदारी नहीं थी कि वह भाजपा की बी टीम केजरीवाल की पालकी अपने कंधे पर ढोएते हुए काँग्रेस की पराजय को अपने गले मे हार बनाकर घुमते रहें।

## राजनीति



ऋतुपर्ण दवे

# झूठ-भ्रम की बैसाखी से टिक नहीं पाए केजरीवाल



दिल्ली के नतीजों को महागठबंधन की रार, तकरार या हार कहें या फिर भाजपा का आत्मविश्वास, लेकिन सच यही है कि जीत मतदाताओं की हुई है। यकीनन दिल्ली के मतदाताओं के दोनों हाथ में लड्डू थे। शायद, इसी वजह से दिल्ली में मतदाताओं ने काफी सोच-विचार कर भाजपा को चुना। हो सकता है कि इस बार केजरीवाल और उनकी टीम अपने वायदों पर खरे नहीं उतरे या आरोपों के कुचक्र में ऐसी घिरते चले गए कि जनमानस को उनकी कथनी और करनी में तो अंतर समझ आने लगा। वहीं पुरानी घोषणाओं और भावनाओं का खेला हुआ। आम आदमी पार्टी को इस बार उसके नेताओं के पुराने भावुक भाषणों ने करारी चोट दी। जिसमें नीली वैगन आर और मुख्यमंत्री के आवास को लेकर जुमलों जैसी बातें थी। भाजपा ने भी मतदाताओं को निजी तौर पर लाभ के पिटारों और पुरानी सौगातों में वृध्दि का जो दांव खेला उसी का असर सामने है। फायदे के दौर में ज्यादा फायदा कौन नहीं चाहेगा? भाजपा ने भी फायदों की झड़ी पर दांव लगाया तो क्या बुरा किया? इधर केजरीवाल भी अपनों से ही उलझते चले गए और गठबंधन भी बिखरता गया।

आम आदमी पार्टी को शीश महल, शराब घोटाला जैसे आरोपों ने ऐसा धराशायी किया कि आआपा की 'झाड़ू' ने अपनों को साफ कर नाउम्मीद कर दिया। हालांकि भाजपा को अपना सूखा दूर करने में 27 साल लग गए। लेकिन यह सच है कि लोकसभा चुनावों के बाद दिल्ली के महज 70 सीटों के चुनाव पर देश-दुनिया की निगाहें थी। दिल्ली के चुनाव इसलिए भी बेहद खास थे कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वहां पर सरकार न बना पाना उनकी सबसे बड़ी कसक थी। यही वजह थी कि मोदी ने भी इस बार न केवल अपना दांव चला बल्कि अपने भाषणों से भी काफी कुछ संदेश देने की कोशिश की। आखिर दिल्ली में भी मोदी मैजिक पहली ही बार ही सही, चल गया।


हालांकि कहा जरूर जा रहा था कि संघर्ष त्रिकोणीय होगा लेकिन नतीजे आमने-सामने के ही दिखे। कांग्रेस को जरूर इस बात पर संतोष करना होगा कि उसके वोट प्रतिशत में थोड़ा इजाफा हुआ है। लेकिन यह नाकाफी है। हां यदि इण्डिया गठबन्धन यहां भी एकजुटता से लड़ता तो संभव है कि नतीजे कुछ बदले भी आ सकते थे। लेकिन यह महज कयास हैं। कुल मिलाकर इसे घोषणाओं में कौन कितना आगे रहा उसी की जीत हुई कहा जा सकता है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा 48 सीटों के बहुमत सत्ता में आई। वहीं आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमट गई। मतों के प्रतिशत के लिहाज जहां भाजपा को 45.56 तो आम आदमी पार्टी को 43.57 प्रतिशत मत मिले। अंतर भले ही कम रहा लेकिन अंकगणित के आंकड़ों ने आआपा को चित्त कर दिया। कांग्रेस को जरूर 2020 के मुकाबले ज्यादा मत मिले जो 4.63 से बढ़कर 6.34 हो गए। निश्चित रूप से हरेक सीट के विश्लेषण के बाद समझ आएगा कि कांग्रेस आआपा के लिए कितनी वोट कटवा रही।

अब भाजपा के लिए अभी तो यह जश्न का दौर है। लेकिन वायदों पर भी खरा उतरना होगा। निश्चित रूप से मुफ्त की रेवड़ी की बहार और वायदों में बरकरार रहने वाली पार्टियों का ही वक्त आता दिख रहा है। शायद दिल्ली में भाजपा की जीत और आम आदमी पार्टी की हार के बाद सभी की निगाहें अब बिहार पर हैं। वहां के मतदाताओं के हाथ अभी दिल्ली जैसा लाभ नहीं है। वहां सत्ताधारी गठबंधन के अंदर निश्चित रूप से इस जीत के बाद मंथन का दौर चल रहा होगा कि मतदाताओं को अपने पक्ष में बनाए रखने की लिए और कितनी घोषणाएं कर तुरंत उन्हें अमल में लाया जा सकता है।

आम आदमी पार्टी के क्षत्रपों की हार से पूरे देश में एक बड़ा संदेश जरूर गया है। आने वाला दौर और राज्यों के चुनावों के ट्रेन्ड काफी बदलने वाले हैं। दिल्ली के नतीजों के बाद अब जिन-जिन राज्यों में चुनाव होने हैं वहां पर विकास के अलावा मुफ्त की रेवड़ी बांटने या जीतने के बाद देने के वायदों को देखना होगा। भाजपा की जीत या आप की हार को राजनीतिक दृष्टि से तो देखा ही जाएगा लेकिन इसका विकास की योजनाओं पर भी दूरगामी असर होगा। इसके अलावा गठबन्धन की राजनीति के लिए भी बड़ा संदेश छुपा है। बन्द मुट्ठी लाख की खुल गई तो खाक की। कांग्रेस बेहतर न कर पाने के बाद भले ही कहे कि हमें आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में धोखा दिया तो हमने दिल्ली में उसे उसकी हैसियत बता दी। वास्तविक हैसियत तो मतदाताओं ने दिखा दी है। लगता नहीं कि भविष्य में गठबन्धन धर्म में कांग्रेस ने भी खुद अपने लिए चुनौतियां नहीं बढ़ा लीं?

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

## विचारबोध



डॉ. दीपक आचार्य

# भविष्य के प्रति आशंकाएं ही चिंता का मूल कारक

चिन्ता हरेक इंसान के जीवन में वह प्रमुख कारण है जो आदमी के समझदार होने से शुरू होती है और अंतिम सांस तक न्यूनाधिक रूप में हावी रहती है और इसका असर हमारे सभी चारों पुरुषार्थ पर पड़ता है चाहे वह धर्म-कर्म से जुड़े हुए हो या अर्थ अथवा मोक्ष से ।

चिन्ता मूल कारण भविष्य की आशंकाओं से होता है। जो इंसान जितना अधिक आंशकित होता है उतना ही अधिक चिन्तित और दुःखी रहेगा। मूल रूप में देखा जाए तो आशंकाए अपने आप में निराधार होती हैं। उनका न कोई आकार होता है न ही कोई वास्तविक वजूद। बिना जड़ की अमरबेल की तरह सदियों से यह छायी हुई है।

जनजीवन और मानस पटल पर यह आशंका वह काल्पनिक कारक है जिसका भौतिक रूप में कहीं कोई अस्तिव नहीं होता है। मगर ब्रह्माण्ड से लेकर पीड़ा तक इसकी निराकार व्याप्ति का परिणाम देती किसी न किसी रूप में नज़र आ ही जाती है। आंशकाओं को जो अपने मन मस्तिक में स्थान दे देते हैं वह फिर ऐसी जड़ें जमा लेती है कि पीड़ा के अस्तित्व तक इनका आत्मघाती साहचर्य बना रहता है। जिन लोगों में आंशकाएं होती हैं उनका मूल कारण आत्म विश्वास में कमी होने के साथ ही श्रद्धा का अभाव होता है। आंशकाओं का खात्मा करना हर किसी के बस में नहीं होता है। जो लोग जितने अधिक संवेदनशील होते हैं उतने ही आंशकित व चिन्तित रहते हैं। खूब सारे लोग हमारे आस-पास हैं, सम्पर्क में होते हैं और रोजाना के लोक व्यवहार में दिखते हैं। इनमें हमारे निकटतम नाते-रिश्तेदार भी हैं, पास-पड़ोसी तथा मिलने-जुलने वाले भी। इनके पास जमीन-जायदाद है, रहने के लिए दो-दो, चार-चार मकान हैं, करोड़ों की सम्पत्ति है, लाखों की नौकरी और पेंशन का सुख पा रहे हैं, भरा-पूरा परिवार है और भगवान ने वो सब कुछ दिया है जो होना चाहिए। फिर भी ये लोग श्वानों की तरह जीवन जी रहे हैं, पराये धन और वस्तुओं पर ललचाये रहते हैं और चाहते हैं संग्रह। इनकी इच्छा रहती है कि उन्हें सब कुछ मुफ्त में मिलता रहे, जब तक जिन्दा रहें, और इसके बाद उनकी पीढ़ियों को भी यह मिलना जारी रहे। इनमें भी खूब सारे ऐसे हैं जिनकी अधिनायकवादी मानसिकता से उनकी संतति परेशान है और वह अपनी इच्छा से स्वतंत्रतापूर्वक जीना और आनन्द पाना चाहती है। लेकिन ये लोग अपनी ऐंठ और बड़े होने का दंभ पाले हुए हर पल यही चाहते हैं कि उनकी संतति उनके इशारों पर चलती रहे। उनका बेटा और बहू वही करें जो ये अभिभावक चाहते हैं। यहां तक कि उनका जंवाई और बेटी भी वही करे जो ये मां-बाप और सास-ससुर चाहते हैं। आजकल स्वतंत्रता और वैश्वीकरण का जमाना है, ऐसे में जो लोग अपनरी संतति पर इस प्रकार के अधिकार चाहते हैं, वे हमेशा कुढ़ते रहकर आत्मक्लेशी स्वभाव में डूब जाते हैं। इनका हर दिन आशंकाओं, शंकाओं, दुराग्रहों, संत्रासों और अवज्ञा की पीड़ा से भरा रहता है। सब कुछ होते हुए भी दुःखों, अभावों, समस्याओं आदि का रोना रोते रहने वाले ये लोग जीते जी दुःखों में दिन काटते हैं और मरने के बाद भूत-प्रेत, पिशाच, चुड़ैल बनकर भटकते रहते हैं। इनके द्वारा कमायी धन-सम्पत्ति और जमीन-जायदाद को उपयोग दूसरे ही लोग ही करते हैं, ये इनका भोग तक नहीं कर पाते। इनकी पूरी जिन्दगी जमा करने और दुःखी एवं आप्त होकर जीने में ही गुजर जाती है। इन लोगों को दुर्लभ मानव देह प्राप्ति का कोई भान नहीं होता। जब मामूली इच्छाएं पूरी नहीं हो पाती, तब ये ही लोग तंत्र-मंत्र, टोनों-टोटकों और मैली विद्याओं का सहारा लेने के लिए ओझाओं, बाबाओं, पण्डितों, ज्योतिषियों, मौलवियों, मजारों, दरगाहों से लेकर लफंगें और लुटेरे तांत्रिकों, मांत्रिकों के यहां चक्कर काटते हुए मत्था टेकते रहते हैं और तरह-तरह के जतन करते हुए ताजिन्दगी लुटते रहते हैं। इन्हें लूटने वाले भी खूब आनन्द से लूटते हैं और ये प्रेम एवं श्रद्धा के साथ लुटते रहते हैं। जो लोग परिस्थितियों को अपने हिसाब से बदलने के लिए उद्यत रहते हैं वे सारे के सारे जिन्दगी भर भिखारियों की तरह असन्तुष्ट होकर इधर-उधर भटकते रहते हैं और अंत तक कुछ हासिल नहीं हो पाता। न जीते जी खुश रह सकते हैं, न मरने के बाद भी। अपनी अपार अवैध और अनधिकृत इच्छाओं की पूर्ति के लिए ये आत्मक्लेशी लोग भगवान को एक ऐसे नौकर के रूप में देखते हैं जो मामूली भक्ति भाव दिखा देने मात्र से उनका काम पूरा कर दे। इन लोगों को अपने प्रारब्ध कर्म और भाग्य पर कोई भरोसा नहीं रहता। ये इसी जन्म को सर्वस्व मानते हैं और सांसारिक प्रपंचों और फैशनी परिवेश को देख-देख कर पूरी दुनिया का वैभव पाने को उत्सुक रहते हैं। **(लेखक स्तंभकार हैं)**






## चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि 53 प्रतिशत बढ़ी

# खिताब जीतने वाली टीम को मिलेंगे 19.45 करोड़

एजेंसी ■ दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम को 19.45 करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आठ साल बाद हो रहे इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में 2017 के संस्करण की तुलना में इस बार 53 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। उन्होंने बताया कि उप विजता टीम को 9.72 करोड़ रुपए दी जाएंगे। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को 4.86 करोड़ रुपए की राशि मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी में हर मैच मैच पुरस्कार राशि के तौर पर अहम होगा, जहां ग्रुप स्तर पर प्रति मैच जीतने वाली टीम को 29.54 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली टीम को 3.03 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 1.21 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी आठ टीमों को आयोजन में भाग लेने के लिए प्रत्येक को 1.08 करोड़ रुपए अतिरिक्त मिलेंगे।

19 फरवरी से शुरू हो रही इस टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी आठ टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जाएंगी। 1996 के बाद पाकिस्तान पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने जा रहा है।


आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है, एक टूर्नामेंट को पुनर्जीवित करना जो एकदिवसीय प्रतिभा के शिखर को उजागर करता है, जहां हर मैच महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पुरस्कार खेल में निवेश करने और हमारे कार्यक्रमों की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी शीर्ष आठ टीमों के बीच हर चार साल में खेली जाती है। वहीं महिला चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार 2027 में टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी।

# क्रिकेट की दुनिया में शहर के खिलाड़ियों का जलवा

### रजत पाटीदार के आरसीबी कप्तान बनने के बाद और भी उम्मींदे जागी

### प्रदेश के अन्य शहरों के खिलाड़ी भी बिखेर रहे चमक

■ इंदौर



प्रदेश ने देश को एक से बढ़कर एक खिलाड़ी दिए हैं पर जब बात क्रिकेट की आ जाती है तब हम गर्व से भर जाते हैं। होलकरकालीन टीम से लेकर अब आईपीएल में कप्तानी की बात हो इंदौरी खिलाड़ी सभी दूर छाएं रहते हैं। आईपीएल में शहर के वेंकटेश अय्यर ने कमाल ही कर दिया। केकेआर ने उन्हें 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा है और कहा जा रहा है कि वह भी रजत पाटीदार की तरह कप्तान बन सकते हैं। इसके पूर्व आवेश खान ने भी भारतीय टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। मध्यप्रदेश की सीनियर टीम में भी एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हैं जो कि आईपीएल में अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

एमपीसीए ने गत चार वर्षों में मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के निर्देशन में खिलाड़ियों पर ध्यान दिया है उसके परिणाम सामने हैं। इसमें कुछ नाराजगियां भी देखने को आई परंतु क्रिकेट में परिणाम बोलते हैं आंकड़े बोलते हैं। कभी भी रणजी ना जीत पाई मप्र की टीम ने रणजी चैंपियनशिप जीती और बाद में भी सेमीफाइनल तक पहुंची। दरअसल चंद्रकांत पंडित ने प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोफेशनल क्रिकेट खेलना सिखाया, जिसकी बदौलत आज हम यह कह सकते हैं कि पहले प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर यदा कदा ही मौका मिलता था परंतु अब प्रदेश के खिलाड़ियों का नाम भी हो रहा है और पैसा भी खूब मिल रहा है। अंडर 19 वर्ग में भी इंदौर के सोहम् पटवर्धन ने भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी और आस्ट्रेलिया से सीरीज भी जीती थी।

## महिला क्रिकेट खिलाड़ी भी पीछे नहीं



आयुषी शुक्ला वैष्णवी शर्मा अनादि तागड़े

महिला क्रिकेटरों में पहले पूजा वस्त्रकार का ही नाम लिया जाता था। परंतु इस बार के अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप के बाद से इंदौर की आयुषी शुक्ला और अनादि तागड़े का भी नाम सुर्खियों में रहता है। प्रदेश स्तर पर ग्वालियर की वैष्णवी शर्मा और भोपाल की सौम्या तिवारी भी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदेश की महिला सीनियर टीम ने राष्ट्रीय खिताब भी इस वर्ष जीता है इसके अलावा गत वर्ष अंडर 23 का खिताब जीता था और उसके पूर्व अंडर 19 का खिताब। महिला क्रिकेट में प्रदेश की कई खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में भी नजर आएंगी जिसमें संस्कृ ति गुप्ता और क्रांति गौड़ प्रमुख हैं। कुल मिलाकर अब इंदौर और प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहद सम्मान के साथ देखा जाने लगा है।

### एमपीसीए का वार्षिक पुरस्कार वितरण जल्द

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन भी अपने खिलाड़ियों के लिए जल्द ही वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। सीनियर वुमेंस टीम के राष्ट्रीय खिताब जीतने के बाद स्वयं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फोन कर सभी खिलाड़ियों से बातचीत की थी। उम्मीद की जा रही है कि इस बार प्रदेश के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बाद एमपीसीए भी उन्हें ढेर सारे पुरस्कार देने की तैय्यारी में है।


### दूसरे शहरों से क्रिकेट सीखने आ रहे युवा

इसका असर शहर के विभिन्न क्रिकेट क्लबों पर भी पड़ रहा है। प्रदेश के कई छोटे और बड़े जिलों से युवा खिलाड़ी अब इंदौर के क्रिकेट क्लबों में प्रशिक्षण लेने के लिए आ रहे है। केवल प्रदेश ही नहीं उत्तरप्रदेश से भी कई खिलाड़ी इंदौर में क्रिकेट के उच्च प्रशिक्षण लेने के लिए आ रहे है। ऐसे कई युवा साथी है जो शहर में रूम लेकर रहते हैं और दिनभर क्रिकेट प्रैक्टिस कर रहे हैं।

# रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों ने रचा इतिहास

## राष्ट्रीय खेलों में 20 स्वर्ण सहित 43 पदक जीते

एजेंसी ■ देहरादून



राष्ट्रीय खेलों में इस बार रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 पदक हासिल किए हैं। इनमें 20 स्वर्ण, 16 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं। एथलेटिक्स में रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों ने झंडे गाड़ दिए और कुल 21 पदक अपने नाम किए। 100 मीटर, 200 मीटर और 4×100 मीटर रिले में तीन स्वर्ण पदक जीतकर अनिमेष कुजूर स्टार खिलाड़ी बनकर उभरे।

ज्योति याराजी ने स्वर्ण जीतने का सिलसिला जारी रखते हुए 100 मीटर बाधा दौड़ और 200 मीटर स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया। सावन ने भी 5000 मीटर और 10000 मीटर में स्वर्ण पदक दिलवाए, किरण म्हात्रे ने 10000 मीटर रजत पदक जीता। इसके साथ ही किरण ने 2025 में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। रिलायंस फाउंडेशन हाई परफॉरमेंस सेंटर, ओडिशा के हेड कोच मार्टिन ओवेन्स ने कहा, रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों के लिए यह एक बहुत ही सफल राष्ट्रीय खेल रहा। हमने अकेले एथलेटिक्स में सात व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए और कई नए मीट रिकॉर्ड बनाए। हमारे एथलेटिक्स दल ने 12 स्वर्ण पदक जीते, हमें उम्मीद है कि इससे उन्हें आने वाले सीज़न के लिए आत्मविश्वास मिलेगा। मौमिता मंडल ने लंबी कूद में स्वर्ण और 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। साथियन ज्ञानसेकरन ने टेबल टेनिस पुरुष युगल में स्वर्ण, पुरुष एकल में रजत और पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक दिलवाया।

### उन्नति ने हरियाणा की महिला टीम चैंपियनशिप जीत में निभाई अहम भूमिका



बैडमिंटन की प्रतिभाशाली खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने हरियाणा की महिला टीम चैंपियनशिप जीत में अहम भूमिका निभाई और अनुपमा उपाध्याय ने पिछले संस्करण के स्वर्ण पदक के बाद महिला एकल में रजत पदक जीता। तीरंदाजी में गोल्डी मिश्रा ने पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि जुयेल सरकार ने पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। पेरिस ओलंपिक के बाद वापसी करते हुए लवलीना बोरगोहेन ने भी मुक्केबाजी में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में उच्च श्रेणी का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

### दुनित वेल्लालगे, असिता फर्नांडो और वानिंदु हसरंगा का कहर

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 174 रनों से हराया, सीरीज भी जीती

एजेंसी ■ कोलंबो





कु सल मेंडिस (101) की शतकीय, कप्तान चरित असलंका (नाबाद 78) और निशान मदुश्का (51) की अर्धशतकीय पारियों के बाद दुनित वेल्लालगे (चार विकेट) तथा असिता फर्नांडो, और वानिंदु हसरंगा (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मैच ऑस्ट्रेलिया को रिकार्ड 174 रनों से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने दो मैचों की एकदिवसीय सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

282 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 33 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। मैथ्यू शॉर्ट (दो), जेक फ्रेजर-मक्गर्क (नौ) और ट्रैविस हेड (18) रन बनाकर आउट हुए। तीनों ही बल्लेबाजों को असिता फर्नांडो ने आउट किया। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ और जॉश इंग्लिस ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 15वें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने जॉश इंग्लिस (22) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। ऐरन हार्डी (शून्य), ग्लेन मैक्सवेल (एक), शॉन ऐबट (दो) और बेन ड्वारश्विस (नौ) रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया का 10वां विकेट ऐडम जम्पा (आठ) रन के रूप में गिरा। उन्हें वेल्लालगे ने बोल्ड आउट किया। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 24.2 ओवर में 107 रन पर समेटकर मुकाबला 174 रनों से जीत लिया। यह एशिया में ऑस्ट्रेलिया का न्यूनतमम एकदिवसीय स्कोर है। श्रीलंका की ओर से दुनित वेल्लालगे ने चार विकेट लिए। असिता फर्नांडो, और वानिंदु हसरंगा को तीन-तीन विकेट मिले। इससे पहले आज यहां आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कुसल मेंडिस ने 115 गेंदों में 15 चौके लगाते हुए (101) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

### बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप

# जापान ने भारत को 0-3 से हराकर किया बाहर

एजेंसी ■ क्विंगदाओ (चीन)



भारत का बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पूर्व चैंपियन जापान से 0-3 से हार के बाद टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया।

मैच की शुरुआत में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रै स्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने जापान की हिरोकी मिडोरिकावा और नात्सु सैतो की जोड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए निर्णायक गेम के लिए मजबूर किया, लेकिन अनुभवी जापानी जोड़ी ने अंततः 61 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-13 से जीत हासिल कर जापान को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद महिला एकल में मालविका बंसोड़ और जापान की तोमोका मियाजाकी के बीच मुकाबला हुआ। भारतीय शटलर ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह जापान की मियाजाकी को 21-12, 21-19 से जीत हासिल करने से नहीं रोक सकीं। इसकी के साथ जापान की बढ़त 2-0 हो गई। भारत को मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की आवश्यकता थी। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पुरुष एकल जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ कोर्ट पर उतरे। जापानी खिलाड़ी ने एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले प्रणय पर 21-14, 15-21, 21-12 से जीतकर दर्ज की। इसी के साथ जापान ने क्वार्टरफाइनल मैच 3-0 से जीतकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस हार के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों का समारोहपूर्वक समापन

# भारत ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार–अमित शाह

एजेंसी ■ नैनीताल





केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभालते ही देश में खेलों के प्रति माहौल में बदलाव किया है और देश में खेल सुविधाओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिये तैयार है। भारत ने अपना दावा प्रस्तुत कर दिया है।

श्री शाह 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन के मौके पर आज उत्तराखंड के हल्द्वानी में बतौर मुख्य अतिथि देश के खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिये उत्तराखंड सरकार और आयोजन कमेटी की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने पदकों के शतक लगाने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों ने देवभूमि को खेलभूमि बना दिया है। यह बेहद गौरव की बात है।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आते ही देश में खेलों के प्रति नजरिया बदला है। खेलो इंडिया और फिट इंडिया के साथ ही खेल सुविधाओं का विकास कर प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों और युवाओं का खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाया है। यही कारण है कि आज अंतरराष्ट्रीय स्पर्द्धाओं में भारत का वर्चस्व बढ़ा है।

श्री शाह ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की जन्मतिथि पर उन्हें याद किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। साथ ही उन्होंने पुलवामा के शहीद सैनिकों की शहादत को भी याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पुलवामा घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान में जबरदस्त एयर स्ट्राइक कर अपने दुश्मनों को कड़ा संदेश दिया था। श्री शाह ने पदक तालिका में प्रथम दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे सर्विसेज, महाराष्ट्र और हरियाणा को सम्मानित किया।

# बेन सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

एजेंसी ■ कराची



न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कराची में बुधवार को टीम के पहले प्रशिक्षण सत्र के दौरान बेन सियर्स को बाएं हैमस्ट्रिंग में दर्द होने के बाद कराये गये स्कैन में मामूली चोट का पता चला। जिसके बाद उन्हें कम से कम दो सप्ताह के स्वाथ्यलाभ के लिए कहा गया।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि, सियर्स के स्कैन में मामूली चोट का पता चला है, जिसके लिए कम से कम दो सप्ताह के स्वास्थ्यलाभ की आवश्यकता होगी। इसका मतलब यह था कि सीयर्स केवल दो मार्च को दुबई में भारत के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप मैच के बाद ही उपलब्ध होंगे। इसलिए उन्हें बाहर करने का निर्णय लिया गया। त्रिकोणीय श्रृंखला की टीम का हिस्सा रहे जैकब डफी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सीयर्स की जगह टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, हम सभी बेन के लिए बहुत दुखी हैं। अंतिम चरण में किसी बड़े आयोजन से बाहर होना हमेशा कठिन होता है, और बेन के मामले में यह विशेष रूप से मुश्किल है क्योंकि यह उनकी पहली बड़ी आईसीसी स्पर्धा थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)